# संयुक्त राज्य अमेरिका का आक्रमण

... कभी–कभी कुछ चीजें घटित होना प्रभु की इच्छा होती है। हम अभी हाल ही में डेनवर गए, और वापस लौटे। मैं सोचता हूं कि मैं उस सभा की रिपोर्ट देना चाहता हूं: यह उन वर्षों में मेरी सबसे अच्छी सभाओं में से एक थी। हमारे पास एक अद्भुत समय था। कुछ हद तक दो हजार से भी कुछ अधिक लोगों ने उनके हृदय मसीह को दे दिए, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा पाने वालों के अलावा, इसके अलावा बड़े–बड़े चिन्ह और अद्भुत कार्य जो हमारे प्रिय प्रभु यीशु ने वहां डेनवर के लोगों के बीच में किए। हमारे पास एक अद्भुत उंडेला जाना था, और लोगों का एक साथ एक बड़ा एकत्र होना था। हमने शुरुआत में लगभग पांच हजार लोगों से सभा शुरू किया था। और हमारे पास विशाल बगीचे थे। और तीसरी रात को, वहां लोगों को यहाँ तक खड़े होने के लिए भी कोई स्थान नहीं था। क्या ही पांच रातों का अद्भुत समय था।

2 हम वहां से कनाडा जाने के लिए निकले, लड़के और मैं। और हम वहां ऊपर पहाड़ों में चले गए, और एक बर्फ का तूफान आया। मुझे लगता है आपने अपने रेडियो पर इसके बारे में सुना होगा। और कुछ एक सौ अट्ठासी लोग इसमें मारे गए। और हम बहुत दिनों तक—तक—तक बर्फ के बहाव में फंसे हुए थे, वहां ऊपर पहाड़ों में। और हमारी सभा बीत गई, और हम घर वापस आ गए थे, इससे पहले कि हम फिर से निकले। इसलिए हम विश्वास करते हैं कि जो कुछ हुआ था हो सकता है परमेश्वर की इच्छा थी, कि यह एक—एक बेहतर सभा होगी, और कुछ तो और। उसके पास हमारे लिए कुछ तो आगे पंक्ति में रखा था जिसे हम नहीं जानते।

3 हम एक प्रकार से अंधेरे संसार में चलते हैं, लेकिन अंधकार में नहीं। हम बस अनुकरण करते हैं, जैसे–जैसे उजियाला जाता है, तब हम उजियाले का अनुकरण करते हैं।

4 और हमारे स्वर्गीय पिता के पास शायद कुछ तो था जिसके बारे में हम कुछ भी नहीं जानते। हो सकता है वहां पर आगे कोई खतरा रखा हो। या,

फिर से, हो सकता है वह किसी पर काम कर रहा हो कि उसे लेकर आए। आप देखिए, परमेश्‍वर केवल एक व्यक्ति पर इस प्रकार से कार्य कर सकता है; उसने एक व्यक्ति के लिए सारे राष्ट्र को बदल दिया, ताकि उन्हें अंदर ले जाए। और इसलिए हम जानते हैं कि यह सब परमेश्‍वर की अच्छी महिमा के लिए था। और हम इसके लिए उसका धन्यवाद करते हैं, और हमारी रक्षा करने के लिए। और वहां बहुत से लोग थे, हम...

5 बिली और मैंने उन्हें उठाने में सहायता की, सड़क के किनारे और ऐसी ही अन्य चीजें, दुर्घटनाग्रस्त हुए लोगों की और इत्यादि। लेकिन हम बिना किसी परेशानी के आ गये। हम एक बार रास्ते से हटकर नीचे आ गए, लेकिन यह बस कुछ ही समय के लिए हुआ था। और वहां ऊपर कोई व्यक्ति, एक पशु फार्म पर था वो नीचे आया और हमें एक ट्रैक्टर से बाहर निकाला। बस फिसल रहा था; यह बहुत ही चिकना था।

6 और यह उन चीजों में से एक था जो उनके पास नहीं थी... नहीं कर सकते थे, पुराने समय के लोग याद नहीं कर सकते कि कभी इस तरह का तूफान आया हो, उस देश में, वर्ष के उस समय में, राउंडअप, मोंटाना में। और हम... हम जानते हैं कि ऐसी किसी भी असाधारण बात के पीछे कहीं न कहीं हमारे प्रभु का हाथ अवश्य है। यह किसी उद्देश्य के लिए था, हमारे भलाई के लिए—के लिए। हमारे भले के लिए, यही है जो हुआ था।

7 और इसलिए मैंने भाई नेविल को फोन किया, जब मैं वापस आया, और मैंने कहा, "मैं रविवार को घर पर होऊंगा। और—और यदि आप मुझसे चाहते हैं, कि वहां आकर और हो सकता है संडे स्कूल में भाग लूं, क्यों, ठीक रहेगा।" और मैंने कहा, "तब मैं... और मुझे इसे लेने में बहुत खुशी होगी।"

8 उसने कहा, "क्यों, निश्‍चय ही, भाई बिल।" कहा, "हम आपके आने पर हमेशा ही बहुत खुश होते हैं," एक बड़े खुले ह्रदय के साथ और इस तरह से स्वागत करते हैं। और फिर इसे कल अपने रेडियो कार्यक्रम में डाला। इसलिए हम इन सारी बातों के लिए धन्यवादित हैं।

9 और आज सुबह, अब, मातृ दिवस है। बहुत से लोग, आप हर जगह मातृ-दिवस का उपदेश सुनेंगे, और लोग मां के लिए बोल रहे हैं, जो मैं सोचता हूं कि यह अच्छी बात है। इसे बाकी की सभा के लिए छोड़ दें।

10 आज सुबह मैंने घोषणा की थी, कि, एक—एक *संयुक्त राज्य अमेरिका*

*का आक्रमण* के विषय के लिए, जिस पर मैं बोलना चाहता था। जो, आपने शायद अपने रेडियो प्रसारण में सुना होगा, और आज आप उनमें से बहुत से सुनेंगे। और वहां पर एक मातृ दिवस का उपदेश होगा, हो सकता है, आज रात की सभाओ में। और इसलिए मैंने सोचा, आज सुबह, मैं घोषणा करूंगा, "वो—वो आक्रमण।"

11 मैंने इस विषय पर यहां डेनवर में बोला था, यदि परमेश्वर ने चाहा तो यह बिल्कुल उसी तरह का दृष्टिकोण नहीं है जैसा मैं आज सुबह देने का लक्ष्य रखता हूँ। और, इसके साथ एक अद्भुत समय रहा था। प्रभु ने बस एक अद्भुत तरीके से आशीष दी। यह एक प्रकार से कभी–कभी हमें...

12 आपको यह समझने के लिए कि यह सब किस विषय में है, थोड़ा सा कभी–कभी झटका देना पड़ता है, क्या हमें नहीं? और हम प्रार्थना करते हैं कि परमेश्वर इसे करेगा।

13 और, वैसे, वहां पर, जब हम वहां से होकर गए... डेनवर के व्यापारी लोग ही थे जिन्होंने सभा को प्रायोजित किया था, और यह मेरे अब तक के पहले प्रायोजक से थोड़ा सा अलग था।

14 और अक्सर, सेवक लोग, जब वे सभा को प्रायोजित करते हैं, तो आप कहेंगे... "क्या आपने इसकी घोषणा की?" "जी हां, कलीसिया के लिए।" इसके विषय में बस इतना ही है। यही तो चरवाहे है; वे चाहते हैं कि उनके झुंड इसके बारे में जाने। यही बस एक अच्छा शब्द है। यही तो उनका काम है।

15 लेकिन बिजनेसमैन थोड़े से अलग ही थे। वे चाहते थे कि संसार इसके बारे में जाने, इसलिए उन्होंने बस लगभग तीन या चार हजार डॉलर मूल्य के विज्ञापन को सभी सड़क पर चलने वाली कारों, टैक्सी कार पर लगा दिया, कारों के सारे बंपर पर, और हर कहीं। हमारे पास एक अद्भुत समय था।

16 सभा के समाप्त होने के बाद, उन्होंने मुझे एक ओर बुलाया, कहा, "भाई ब्रन्हम, अब हम आपके लिए क्या कर सकते हैं? हम पर आपका क्या कर्ज है?"

17 मैंने कहा, "क्यों, निश्चय ही, कुछ भी नहीं।" मैंने कहा, "आप पर मेरा कुछ भी कर्ज नहीं है।" मैंने कहा, "आप मेरे होटल के बिल का भुगतान कर दे, यहां पर, यदि आप चाहें तो।"

18 “ओह, हम आपके लिए कुछ तो करना चाहते हैं।” और वे नहीं... मैं उनसे कुछ भी नहीं लेना चाहूंगा।

19 इसलिए प्रबंधक ने उन्हें अपने पास बुलाया। उसने कहा, “मैं सोचता हूं कि वो शिकार करना और मछली पकड़ना पसंद करते है, क्या वो नहीं करते? ”

उसने कहा, “हाँ।”

20 सो एक व्यापारी का वहां पर एक पशु का फार्म था, और उसने कहा, “मैं उनके लिए बस यह एक भेंट को दूंगा।”

21 तो, श्रीमान मूर इसे देखने के लिए वहां पर गए। उसे लगभग पैंतीस मील पीछे घोडे में बैठ कर जाना था। मैंने कहा... श्रीमान मूर ने कहा, “मैं बहन ब्रन्हम को घोड़े पर बैठे हुए देखना चाहता हूं, उसी पर वापस जाते हुए।” इसलिए वह, वे, और...

22 लेकिन, उसके बाद, हालाँकि, वे कोलोराडो के सिल्वर प्लम में एक निवास स्थान पर चले गए। इसे अब इस ओर होना चाहिए। और उन्होंने वहां पर एक छोटा सा पशु फार्म खरीदा, और वहां मेरे लिए अब पांच कमरों का घर रखा कि... सिल्वर प्लम, कोलोराडो में, जो ठीक पहाड़ों के ठीक मध्य में है। इसलिए, आप जो मछली पकड़ने वाले है, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा समय है, सो यह आराम करने के लिए एक अच्छी जगह होगी, और जब सभाओं और इत्यादि के बाद, यदि परमेश्वर अनुमति देता है। यह उसके ऊपर है, आप देखना।

23 अब मैं हमारे ध्यान को वचन की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। और मैं केवल वचन से प्रेम करता हूं, परमेश्वर का जीवित वचन। यह वचन के अंदर जीवन है। अब, “वचन, शब्द, मारता है, लेकिन आत्मा जीवन को देता है।” और जीवन वचन में है, क्योंकि यह परमेश्वर का वचन है। जीवन उसके वचन में रखा हुआ है।

जैसे कि यदि मैंने आपको बताया, “मैं आपको देता हूं... ”

24 आप कहते हैं, “मुझे आज सुबह भूख लगी है, भाई ब्रन्हम। क्या आप मुझे पांच डॉलर देंगे? ”

25 मैं कहूंगा, “मैं दूंगा।” अब, इसमें बस उतना ही जीवन है जितना कि मेरी प्रतिज्ञा में है।

26 इसी तरह से यह परमेश्वर के द्वारा है। जब परमेश्वर किसी चीज की प्रतिज्ञा करता है, तब परमेश्वर क्या है, उसका… उसे उसके वचन में होना ही है। समझे? इस वचन का मूल्य ना ही… यह वचन बिल्कुल वैसे ही है जैसे परमेश्वर। यह परमेश्वर है।

27 आपके शब्द वही बताते है जो आप हैं। यह आपसे जुड़ा हुआ है; हम ऐसा हमेशा कहते है। आपसे जुड़े हुए आपके शब्द है। यदि हम आपके शब्दों को नहीं ले सकते हैं, तो मेरे पास विश्वास नहीं हो सकता है। लेकिन यदि मैं आपके शब्दों को किसी भी चीज के लिए ले सकता हूं, तो यह एक सम्मानित व्यक्ति है।

28 और बाईबल ने कहा, "आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था।" देखा? देखा? "और वचन देहधारी हुआ, और हमारे बीच में वास किया।"

29 यदि हम सोचेंगे, यह, वही धरती जिस पर हम आज सुबह रह रहे हैं, ये परमेश्वर का वचन है। *वह* पेड़ परमेश्वर का वचन है। और आप, आपकी देह, परमेश्वर का वचन है। परमेश्वर ने इसे अस्तित्व में इस तरह से बोला, इसे बिना किसी भी चीज से बनाया; जहाँ कुछ भी नहीं था।

30 क्या आपने कभी मनुष्य के जीवन को ध्यान दिया कि ये कहां से आया? एक छोटी कोशिका, इतनी छोटी कि मनुष्य की आंख इसे नहीं देख सकती; केवल एक बड़े, शक्तिशाली कांच के जरिये से देख सकते है। और वहां से एक सौ पचास, दो सौ पौंड का मनुष्य आता है। यह कहां से आया? समझे? परमेश्वर ने बस इसे बोला, और यह बस बनना आरंभ हुआ, प्रकृति से, बढ़ने लगा, और वहां बिल्कुल ठीक–ठीक ये उत्पन्न हुआ। उसने हर पेड़, हर एक चीज को अस्तित्व में बोलकर लाया। और यह क्या ही अद्भुत, अद्भुत चीज है, आज सुबह, ताकि परमेश्वर के वचन को देखे।

31 अब, यह, इस सुबह, पुराने नियम में, इतिहास की ओर मुड़ते है। मैं बस थोड़ा सा बैचेन हो गया हूं… जब आप अब इतिहास के 18वें अध्याय की ओर मुड़ रहे हैं। बस थोड़ा थका हुआ हूं। लेकिन यदि प्रभु ने चाहा…

32 मैं निश्चित नहीं हूं; हम बुधवार की रात को और अधिक जानेंगे। यदि प्रभु ने चाहा, और कलीसिया इस तरह से अगुवाई को महसूस करती है, मैं बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को लेना चाहता हूं, यहाँ एक बेदारी के रूप में, वचन से बस एक शिक्षा की बेदारी। [सभा

कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को, बस वचन पर शिक्षा को देते हुए; ना ही चंगाई की सभाये, लेकिन शिक्षा। हो सकता है, प्रभु हमारी उस तरह से अगुवाई करे। और फिर हम... मैं बस आपके साथ रहना पसंद करता हूं और वचन के इर्द–गिर्द आपके साथ संगति को रखना। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद, उस अच्छे, बहुत बढ़िया “आमीन” के लिए।

33 अब, इतिहास के 18वें अध्याय में, और 12वें पद से आरंभ करते हुए, हम हमारे विचारों को आधार बनाना चाहते हैं, बस थोड़ी देर के लिए इस दिन के इस महत्वपूर्ण विषय पर। पहला इतिहा–... , मेरा मतलब, दूसरा इतिहास, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं, दूसरा इतिहास 18:12, और हम इसके एक भाग को यहां से पढ़ेंगे, और देखेंगे कि हमारा प्रभु हमसे क्या चाहता है कि हम जाने।

> *और जो सन्देशवाहक मीकायाह को बुलाने गया था, उसने उस से कहा, सुन, नबी लोग एक ही मुंह से राजा के* विषय *शुभ वचन कहते हैं; सो तेरी बात उनकी सी हो, मैं तुझसे विनंती करता हूं, तू भी शुभ वचन कहना।*
>
> *और मीकायाह ने कहा, यहोवा के जीवन की शपथ, जो कुछ मेरा परमेश्वर कहे, वही मैं भी कहूंगा।*
>
> *और जब वह राजा के पास आया, तब राजा ने उस से पूछा, हे मीकायाह, क्या हम गिलाद के रामोत पर युद्ध करने को चढ़ाई करें अथवा मैं रुका रहूं? और उसने कहा, हां, तुम लोग चढ़ाई करो, और कृतार्थ होओ; और वे तुम्हारे हाथ में कर दिए जाएंगे।*

34 अब, कुछ क्षणों के लिए हमारे विचार को आधार बनाने के लिए; इस पर फिर से उससे कुछ शब्द बोलेंगे।

35 हमारे स्वर्गीय पिता, आभारी ह्रदय के साथ हम ठीक अभी आपके पास आते हैं, खोए हुए प्राणों की ओर से, उनकी ओर से जो आवश्यकता में है, कलीसिया की ओर से आये है। कि, होने पाए पवित्र आत्मा अब जल्दी से वचन में आ जाए, हम प्रार्थना करते हैं। इसे सीधे–सीधे यहां हर एक ह्रदय तक ले जाये जिसकी आवश्यकता है। और जब वह वचन की सामर्थ के अपने संदेश को ह्रदय में पहुंचाता है, होने पाए हम सब इसके द्वारा आज सुबह फुले–फले; जाते हुए, आराधनालय को छोड़ते हुए, आनंद करते

हुए और परमेश्वर की स्तुति करते हुए, कहते हुए, "उसकी उपस्थिति के कारण हमारे हृदय हमारे भीतर जल रहे हैं।" क्योंकि हम इसे उसके नाम में मांगते हैं। आमीन।

36 हमारा दृश्य इस की सुबह एक दु:खद घटना पर आधारित है। और मेरे लिए पुराना नियम, हमेशा ही एक छाया है या एक—या एक नए नियम की भविष्यवाणी है। बहुत बार, किसी ने कहा, "भाई ब्रन्हम, ऐसा क्यों है कि आप हमेशा ही पुराने नियम को लेते हैं? लगभग हमेशा ही, विषय को लेते हुए, आप पुराने नियम में वापस जाते है।" मैं इसे इसलिए करता हूं क्योंकि मुझे प्रतिछाया विज्ञान पसंद है। मुझे पसंद है...

37 मेरी शिक्षा बहुत ही सीमित है, जैसा कि सभी जानते हैं। और एकमात्र तरीका जो मुझे पता है यह कहीं न कहीं सही है, यह देखना कि नमूना क्या था, कि उस नक्शे या खाके की ओर देखूं और देखूं कि यह क्या था। और फिर मैं जानता हूं कि जो *यह* था वह कुछ-कुछ ऐसा ही होगा जो यहां पर *यह* है, क्योंकि यह बस इसकी छाया है। और मैं हमेशा ही पीछे पुराने नियम की ओर देखता हूं, यह देखने के लिए कि इस्राएल के बच्चों ने क्या किया, देखने के लिए कि पाप का दंड क्या था, देखने के लिए कि भविष्यवक्ताओं का न्याय क्या होता था, देखने के लिए कि वे सारी चीजें क्या थीं; और तब मेरे पास एक विचार होता है कि *यह* यहाँ क्या है, जिसने पहले से ही छाया में बता दिया है कि अंत में सामान्य समापन में क्या होगा।

38 इस समय के दौरान, इस्राएल के साथ एक बड़ी बात घटित हुई थी। यह उसके मध्य रात्रि के अंधकार में था।

39 पुराने नियम में, यदि प्रभु ने चाहा, हो सकता है आने वाली सभाओ में, मैं यह दिखाना चाहूंगा कि कैसे सात कलीसियायी युग पुराने नियम में प्रतिछाया है। कैसे उन्होंने बिल्कुल ठीक वैसे ही आरंभ किया जैसे उस—उस अन्यजाति कलीसिया के कलीसिया युगों के आरम्भ में किया, और ठीक उसी तरह के अंधकार के युग में से होते हुए चला गया, और पेंटीकोस्ट के महिमामय समय में बाहर आया, आरंभिक कलीसिया में पवित्र आत्मा के गिरने पर... यहूदीयों के समय काल की समाप्ति में। उसके बाद अन्यजाति कलीसिया के एक और दौर से गुजरते हुए, एक अंधकार युग से गुजरते हुए, और फिर सहस्त्रशताब्दी में फिर से अंत में बाहर आता है।

40 अब, किस तरह से वहां पिछली शताब्दी के मध्य में, यह बड़ा राजा

आहाब सत्ता में या ताकत में आ गया। और वह एक प्रकार से दूसरे इस्राएली राजाओं की प्रतिष्ठा पर सवार था, जो कि एक... आहाब, स्वयं, एक प्रकार का एक—एक सीमा रेखा का विश्वासी था। मैंने हमेशा ही उसका उस तरह से उल्लेख किया है, क्योंकि वह उस समय का भाग था जो बाड़े या घेरे के *इस* ओर था, उस बाड़े या घेरे के *उस* ओर के समय का भाग।

41 आप कभी नहीं जान पाएंगे कि कहां पर खड़ा होना है, एक ऐसा व्यक्ति जो इस तरह से अस्थिर होता है। या, एक व्यक्ति जो मसीही होने का दावा करता है, और वह अस्थिर होता है, आप नहीं जानते कि उस व्यक्ति के बारे में क्या करना है। आज वे एक मसीही होते है; कल आप नहीं जानते कि वे कहाँ पर हैं। आज कलीसिया में, वे आनंद कर रहे हैं और गा रहे हैं और परमेश्वर की स्तुति कर रहे हैं; और कल, बाहर शराब पीते हुए, लड़खड़ाते हुए, इधर-उधर भागते फिरते दिखते है। तब उस प्रकार के व्यक्ति के साथ कुछ भी करना कठिन होता है।

42 मुझे याद है, एक लड़के के रूप में, एक समय हमारे पास एक—एक बूढ़ा घोडा था, जो हर समय बाड़े पर कूदता रहता था। और मैं सोचता हूं कि आप में से बहुत से लोग, मेरी उम्र में, पहले घोड़े के दिनों में, बग्गी के दिनों के विषय में जानते होंगे। मैं बहुत बार इस सड़क पर आया हूं, ठीक यहां पर, खुद एक घोड़ा और बग्गी चलाकर आया हूं। मैं पैंतालीस का हूं। इसलिए, वे... मुझे याद है, यह बुढा घोडा, हम उसकी गर्दन पर एक जुए को डालते थे, जैसे कि आप एक गाय को डालते है, जिससे कि उसे बाड़े पर से कूदने से रोक सके। और वह किसी भी तरह से कूद जाता है। और वह उस जुए को लटका देता और उसे घुमा देता, इत्यादि। वह बाड़े के ऊपर से निकल जाता है। और एक दिन, वह क्या...

43 मैंने सोचा कि उस घोड़े को क्या चीज आकर्षित कर रही थी। और वहां नीचे एक बड़ा गड्ढा था। अब, वह अल्फाल्फा पौधे या सुखी घास में खड़ा था, ओह, ऊँचा, लेकिन वह चाहता था... एक बड़े खड्डे में बगीचे की घास की पत्तियां थी। और उसने उस बाड़े से छलांग लगाई और उस खड्डे में जा गिरा जहां ये सारे तार और कांच थे, जहां हम... हमारे—हमारे कचरे ढेर में, और वहां पर उस कुछ मुट्ठी भर बगीचे की हरी घास को लेने के लिए गया। और हमें कुछ और घोड़ो को लेकर और उसे उस गड्ढे से बाहर खींच कर निकालना था। जब वह वहां पर गया, तो वो अटक गया था। और जब

वह वहां पर खड़ा हुआ था, वह हिनहिना रहा था और लहू बह रहा था, और—और वह किस तरह से, बस मुट्ठी भर, या थोड़ी सी उस बगीचे की घास को लेने के लिए, जब वह कि अल्फाल्फा पौधे या सुखी घास के चारे में खड़ा था, जो लगभग उसके घुटनों तक थी।

44 मैंने अक्सर उस तस्वीर के बारे में सोचा है। "एक अपराधी का मार्ग कठिन होता है।" वह बस वहां पर रुका नहीं जहां पर वह खा रहा था और एक शानदार समय बिता रहा है, लेकिन... उसे बाड़े पर से कूदना था और जाकर पूरी तरह से चोटिल होकर और इस तरह से घायल होना था, बस एक मुट्ठी भर घास को लेने के लिए जो कुछ भिन्न प्रकार की होती है। अब, बस इसी तरह से लोग करते हैं, जो परमेश्वर के चरागाह के बाड़े से उस ओर कूद जाते है। क्या आप यह विश्वास नहीं करते? बाहर निकल जाते है, आज बाहर जाते है; अंदर आते है। कलीसिया में होते है, उनके पास एक अद्भुत समय होता है; उसके बाद, कल, कुछ इस तरह की चीज से बिक जाते है। यह इसे बहुत कठिन बना देता है।

45 आहाब करीब–करीब इसी प्रकार का एक व्यक्ति था। हवा जिस ओर भी बह रही थी, अहाब ने अपने लंगर को डाल रखा था, चाहे वह *इस* ओर हो या *उस* ओर। उसके विवाह ने उसे पूरी तरह से गड़बड़ में डाल दिया, एक छोटी सी महिला के साथ, जो कि एक छोटी राजकुमारी थी, एक राजा की बेटी, एक ईजाबेल। दिखने में बहुत ही सुंदर, बहुत ही सुंदर स्त्री, लेकिन अपने ह्रदय में वह दुष्ट थी। और वह एक मूर्तिपूजक थी, और वो सारे इस्राएल का कारण बनी...

46 अब, मैं कैसे कुछ मिनटों के लिए वहां के संबंध में बताना चाहूंगा, जैसा कि यह था, इस मातृत्व पर इसके महत्वता को समझाते हुए, देखिए, वहां पर। और जब एक पुरुष विवाह करने लगता है; एक प्रकार की लड़की, महिला जिससे कि वह... यह बात सुंदरता को देखने से बढ़कर होती है। आपको किसी को तो पाना होगा, प्राण और शरीर दोनों को एक साथ जुड़ना है; कोई तो जो वास्तव में आपका मित्र और संगी बनना है, जो आपके साथ दुःख और सुख में चिपका रहेगा।

47 अब, लेकिन, आहाब, वह बस उसके प्रेम में पड़ गया क्योंकि वह सुंदर थी, मैं समझता हूं, और उसने विवाह कर लिया। उसके बारे में ये और कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि वह बहुत दुष्ट थी। और वह वहां पर आयी।

और फिर, निश्चित रूप से, उसके साथ इस तरह से लिपटा हुआ था, और उससे प्रेम करने लगा, यही करण है, उसने सारे इस्राएल को पाप करवा दिया और परमेश्वर के विरोध में चले गये, और परमेश्वर की वेदियों को गिरा दिया; बालाम की वेदियों को बनाया। और उन्होंने उस समय पर, पूरे इस्राएल में बाल की आराधना की थी।

48 अब, उसकी पत्नी ने नाबोत को धर्मी ठहराया था... आप में से बहुतों ने उसके बारे में पढ़ा है। कैसे उसने उसकी वाटिका को धोखे से लिया; झूठी शपथ खाई, और उसके विरोध में झूठे गवाह खड़े किये थे। क्योंकि, वह अपने पति के लिए कुछ करना चाहती थी; और एक धर्मी व्यक्ति को मार डाला, ताकि एक वाटिका को ले सके जो महल की भूमि के पास में जुडा हुआ था।

49 यह सब, परमेश्वर नीचे की ओर देख रहा था। इसलिए भविष्यवक्ता, एलिय्याह, जो एक महान, प्रभु का सामर्थी दास था, भविष्यवाणी की और इजाबेल को बताया कि उसके साथ क्या होगा। और उसने आहाब को बताया कि कुत्ते उसके अपने ही लहू को चाटेंगे। अब, जब परमेश्वर कुछ भी कहता है... निश्चय ही, उन दिनों में, प्रभु का वचन सीधे भविष्यवक्ता के जरिये से आता था।

50 "परमेश्वर ने विभिन्न समयों में और भिन्न–भिन्न तरह से भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा पूर्वजों से बातें की, इस अंतिम दिन में अपने पुत्र, मसीह यीशु के द्वारा करता है।"

51 तो, *यह* वचन है। और यदि कुछ भी इसके विपरीत है, तो *इसे* ऐसे ही छोड़ दें। देखा? अब, दूसरी बात, वह आज भविष्यव्यक्ता, संतों, और इत्यादि के जरिये से बोलता है। लेकिन पहले *यह* है, वो वचन। अब...

52 और आहाब ने यह दुष्टता के काम को किया था। और वह चला गया; परमेश्वर लोगों को बहुत वर्षों से आशीष दे रहा था। और, अंत में, यहोशापात यहूदा नगर के ऊपर राजा था, जबकि आहाब इस्राएल के ऊपर राजा था।

53 और, तब, यहोशापात एक धर्मी मनुष्य था। वह आसा का पुत्र था। आसा एक—एक धर्मी मनुष्य था, और उसने मूर्तियों की—की सारी वेदियों को गिरा दिया; यहोवा की वेदियों को बनाया। और उनके पास एक—एक बेदारी हो रही थी, जैसा कि यह ऊपर यहूदा में थी।

54 और फिर थोड़ी देर के बाद, यहोशापात, या मेरा मतलब, आहाब, को भेजा गया, और उसने सीरिया में एक और देश के टुकडे को पाया, जो उसने सोचा कि उसी का है, जो उसने सोचा कि वह जाकर उसे ले लेगा। सो उसने इस यहोशापात से पूछा कि क्या वह आकर और उसके साथ एक समझौता करे।

55 और, निश्चय ही, वहां अब एक बड़ा खतरा है, देखो, जब उन्होंने इस बड़े राजा आहाब को देखा, वहाँ नीचे, और उन्होंने यहाँ पर इस एक बड़े राजा यहोशापात को देखा; उनमें से एक, गुनगुना है; दूसरा, एक आत्मा से भरा हुआ मनुष्य है। ध्यान दें कि आप किस तरह से अपने समझौते करते हैं। ध्यान दें कि आप क्या कर रहे हैं, कैसे आप अपने आप को अविश्वासियों के साथ जुए में जोत लेते हैं। अपने आप को साफ रखें, विशेषकर उस दिन में जिसमें हम जी रहे हैं।

56 मैं विश्वास करता हूं, कलीसिया, बिना किसी संदेह के छाया में, यह मेरे ह्रदय पर जल रहा है। यही कारण है कि मैं इन पांच रातों के लिए देख रहा हूं, जल्द ही; कि एक बार फिर से, इससे पहले कि यह होता है, इस कलीसिया को पूरी तरह से बाईबल में से होते हुए बारीकी से बताया जाए।

57 हम समय की छाया में जी रहे हैं। यह किसी भी समय हो सकता है। जब हम देखते हैं कि उन बातों के जगह लेने का समय आया है; वही शत्रु की दुष्टता, वही सामर्थ। हम इन बर्फीले तूफानों की ओर देखते हैं और हर चीज घटित हो रही है, ये सारी महामारियां, सारी भिन्न–भिन्न चीजें। यह सब इन रुकावटों के कारण होता है, इन बमों और चीजों को दागने के वजह से होता है। वे यहाँ सारी चीजों को मिश्रित कर रहे हैं। और वे परमेश्वर की बड़ी प्रयोगशाला में गडबड कर रहे हैं, कि उसका वचन पूरा हो। यह होने जा रहा है।

58 इसलिए, “पाप का मनुष्य” ऊपर उठ रहा है, सामर्थ, बहुत ही भरमानेवाला। ओह प्रभु। मैंने आज सुबह एक सेवक को सुना, जो एक आत्मा से भरा हुआ मनुष्य था, पशु की छाप को ले रहा था और कह रहा था कि रूस मसीह विरोधी था। क्या गलती है। उह–हुंह। रूस का इससे कोई लेना–देना नहीं है। नहीं, श्रीमान। यह वचनानुसार है। अब, लेकिन इस बड़े समय पर ध्यान दें जिसमें कि हम जी रहे हैं, एक चेतावनी है।

59 अब, यहोशापात, एक प्रकार से अच्छा महसूस कर रहा था क्योंकि

इस्राएल के बड़े राजा ने कहा, "आकर, मुझ से भेंट कर।" और वह वहां पर चला गया। और उन्होंने बैल और भेड़ और आदि–आदि को लेकर, बलिदान किया। हर समय, आहाब के हृदय में, वह एक भरमाने वाला था, क्योंकि वह उसकी आराधना नहीं कर रहा था... या उन भेड़ों और चीजों को सच्चे हृदय से बलिदान नहीं कर रहा था, क्योंकि, आखिरकार, वो अपनी पत्नी के धर्म के लिए अधिक झुक गया।

60 और ध्यान दें, बिल्कुल वैसे ही जैसे आहाब ने इजाबेल से विवाह किया उस समय के दौरान जब इस्राएल का वो बड़ा अंधकार का युग था, वो इस्राएल में मूर्तिपूजा को लेकर आया, जो बिल्कुल आज का एक नमूना है। बस अंधकार के युग में; जब हम प्रारंभ के प्रेरितों में से होते हुए बाहर आये हैं, दूसरे दौर में, तीसरे दौर में, उस अंधकार के युग में, पंद्रह सौ वर्ष। जैसे आहाब ने इजाबेल से विवाह किया और इस्राएल में मूर्तिपूजा को लाया, वैसे ही पवित्र आत्मा की कलीसिया ने मत–सिद्धांतों में विवाह किया, और मूर्तिपूजा को वापस लाया, और आज इसी ने मसीहत का एक रूप ले लिया है। देखा? देखो, बस बहुत ही अंधकार है। और अब यह हर दिन आगे बढ़ रहा है; हर कलीसिया का युग उसी बात की ओर आगे बढ़ता है, उस बड़ी समाप्ति पर, गुनगुनी स्थिति में आते है, गुनगुना लौदिकिया कलीसिया युग। ओह, क्या ही भयानक घड़ी है जिसमें हम रह रहे हैं।

61 सुनना। मैं ठीक यहां अंगीकार करना चाहता हूं, इससे पहले कि मैं और आगे जाऊं। मैं एक पुराने समय का प्रचारक हूं जो पुराने दिनों को फिर से देखने की इच्छा रखता है। मैंने इसकी नकल को बहुत देखा है, हॉलीवुड सुसमाचार को तडक–भड़क बना रहा है, इतना तक कि मैं इससे बहुत दुःखी हूं और थक गया हूं। जी हां, श्रीमान। मैं पुराने चलन को देखना चाहता हूं। मुझे डर है कि हम मसीहत को लोगों के लिए बहुत ही सुंदर बना रहे हैं; यह एक खतरे की रेखा पर है।

62 अब, यहोशापात नीचे आता है, सोचता है, "ओह, ठीक है, इस्राएल का यह बड़ा राजा, मैं बस... ओह, हम... यह सही हो जाएगा।" और ठीक इस सारे बड़े तड़क–भड़क के बीच में, उसने क्या किया? उसने एक समझौता किया, कि वहां पर जाकर और शत्रु से लडे, सार्वजनिक मैदान पर, क्योंकि उन्होंने कहा, "हम दोनों एक से लोग हैं।" लेकिन वे नहीं थे। एक आत्मा से भरा झुण्ड था, दूसरा एक गुनगुना झुण्ड था। वे एक से लोग

नहीं हैं। नहीं, श्रीमान। आपके पास नहीं हो सकता...

63 अंधकार की उजियाले के साथ संगति नहीं हो सकती। वो—वो रात्रि सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में अस्तित्व में नहीं रह सकती है। और वहां जो सबसे धोखे का समय है, ये समयों के बीच होता है। बस जब सूर्य अस्त हो रहा होता है या उगने लगता है, तो यह सबसे धोखे का समय होता है। वहां साफ–साफ देखने के लिए पर्याप्त दर्शन नहीं होता है; आपके मोटरगाड़ियों का उजियाला अच्छा और स्पष्ट नहीं दिखाई देगा। यह अच्छा होगा कि या तो अंधकार हो या उजियाला। यीशु ने कहा, "गर्म होना या तो ठंडा होना, गुनगुना ना होना।" बस, यही खतरे की रेखा है।

64 और फिर यहोशापात, जब वह वहां पर आया, और तब यह बड़ा समझौता किया गया था, जिसने परमेश्वर को प्रसन्न नहीं किया। और ध्यान दें, तब उसी के समय में, अब सारा जोश, "मेरे पास इस राजा का समर्थन है। और, ओह, मेरी—मेरी—मेरी इस पड़ोसी के साथ सहभागिता है। मेरे पास... "

65 देखो, सावधान रहना, उससे, कलीसिया। समझे? यही कारण है कि इस आराधनालय के आसपास और अन्य स्थानों पर भी सारी परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं। देखा? इस विषय में सावधान रहे कि आप किसके साथ मिश्रित हों रहे हैं। समझे? सीधे बाहर निकल जाए, और या तो मसीह की ओर हो या उसके विरोध में हो। देखा?

66 अब, इस व्यक्ति ने समझौता किया, और उसने सोचा कि उसने कुछ तो बड़े काम को किया है। फिर भी, जब उसने कहा, "क्या अब वहां ऐसा नहीं है, इससे पहले कि हम ऊपर जा सके, हमें इस बारे में प्रभु से परामर्श करना चाहिए? " अब, यहोशापात में अपनी गलती के कारण पर्याप्त धर्म बचा था, कि वह वहां इस राजा के पास गया था, लेकिन उसके पास उसके अंदर पर्याप्त धर्म बचा था कि इस पर सोचे, "तो, हमें कम से कम प्रभु से परामर्श करना चाहिए।"

67 अब, आहाब बिना एक शब्द बोले बाहर की ओर निकल रहा था; यह सिर्फ चीजों को करने का उसका खुद का यांत्रिक, भौतिक, मनुष्य का तरीका है।

68 मैं बस ठीक यहां पर सोचता हूं, कलीसिया, क्या ऐसा नहीं हुआ है, बहुत सी बार, हमने गलतियां की हैं। इस पर विचार करके, और कहते है,

"तो ठीक है, इसे *इस* तरह से होना चाहिए," और हम इसे इस तरह से निर्धारित करते हैं।

69 मैं सोचता हूं कि यही है जहां पर आज बहुत सारे अमेरिकी सुसमाचार के प्रचारक है, कि हमने इसे एक—के रूप में निर्धारित किया है, मैं कहूंगा, हॉलीवुड का सुसमाचार के प्रचारक, पूरी तरह से तड़क-भड़क के बारे में। हम इस पर ध्यान दे कि सुसमाचारक आज मंच पर आता है, और, ओह, वह पूरी तरह से फूला हुआ होता है, और इससे पहले कि वह प्रचार करना आरंभ करे, बहुत सारे हंसी मजाक की बातें सुनाता है, और इस तरह की चीजें करता, और आगे बढ़ता है और पुलपिट में एक जोकर की तरह व्यवहार करता है। जब समय आता है कि वेदी की पुकार करे, तो लोग यहाँ तक कि वेदी की पुकार के प्रति कोई ईमानदारी भी नहीं देखते हैं। यह सही बात है। यही कारण है कि संसार आज गुनगुनी स्थिति में चला गया है, यह इसी में है।

70 मैं सोचता हूं, आज। यह बस, आज, मैं... कलीसिया, हमने अपने लड़कों को स्कूल भेजने की कोशिश की है, कि मनोविज्ञान को और इसी तरह से आदि-आदि चीजों को सीखे, यह जानने के लिए कि कैसे एक योजना को रखा जाए, ताकि पुलपिट में जाकर और हमारी व्यवस्था को करे... संदेश इतना लुभाने वाला होता है, कि यह लोगों को पकड़ लेगा, और उनके ध्यान को आकर्षित करेगा। और बहुत से बड़े-बड़े मनोवैज्ञानिक इस तरह के शिक्षकों के रूप में बाहर जाते हैं, और नाटक करते हैं और पूरी तरह से कुछ तो बनावट को करते हैं। और मैं बस सोचता हूं, जब वे... कि... हम हमेशा ही कलीसिया की सुंदरता और आकर्षण के बारे में बताते रहते हैं। लेकिन हम उन्हें यह बताने में असफल रहते हैं, "वह जो मेरे पीछे आएगा, वह अपने आप का इन्कार करे, अपना क्रूस उठाए, और मेरे पीछे हो ले।" मैं सोचता हूं कि क्या हमने कलीसिया की सुंदरता को बहुत आकर्षण नहीं बनाया है, उस व्यक्ति के लिए जो वहां पर आता है।

71 उदाहरण के लिए, बैपटिस्ट कलीसिया के पास आज एक प्रचार वाक्य है, "44 में दस लाख और," सदस्यों को हजारों की संख्या में अंदर ला रहे है, और दसों हजार, अपरिवर्तित लोग, बस वे लोग जो अंदर चलकर आते हैं और कलीसिया में जुड़ते हैं। और यह यीशु मसीह की कलीसिया के एक कर्जदार है, कि ऐसे सदस्यों को अंदर लेते है। वे अब भी शराब पीते

हैं। वे अब भी धूम्रपान करते हैं। वे अब भी जुआ खेलते हैं। वे अब भी झूठ बोलते हैं।

72 वे कलीसिया में आकर, हॉलीवुड के सुसमाचार के प्रचारकों के झुंड के द्वारा मनोरंजन की अपेक्षा करते है जो उठकर, बहुत सारे तड़क–भड़क का नाटक करते है, और मंच पर ऊपर–नीचे बहुत सारे बड़े–बड़े वाद्य यंत्रों को लगाते हैं।

73 जब कि, उनके पास एक पुराने चलन का बातें होना चाहिए, परमेश्वर को पहले रखते हुए, पुकारते हुए, वहां वेदी की पुकार होनी चाहिए; जहां पुरुष और महिलाये दिखावा करने के लिए नहीं आते हैं, या जमा होकर और एक जोकर की तरह व्यवहार नही करते हैं, लेकिन वेदी पर नीचे बैठकर और वहां यीशु मसीह की मृत्यु को महसूस करते हैं, जो उनके लिए मरा, कि वे फिर से परमेश्वर के प्रति वापस ईमानदार हो रहे हैं।

74 मैं सोचता हूं कि क्या हम उस प्रकार के समय में नहीं जी रहे हैं, जब हम बड़े–बड़े सुसमाचारको को लेते हैं, आज देश भर में फैले अनेक बड़े–बड़े सुसमाचार के प्रचारकों की तरह, जो मनोविज्ञान का अध्ययन करते हैं और लोगों को कलीसिया की ओर आकर्षित करते हैं। लेकिन जब आप उन्हें एक बार कलीसिया के अंदर जोड़ देते हैं, तब उसके बाद आप उनके साथ क्या करेंगे? कलीसिया के अंदर जुड़ने के बाद उनका क्या—क्या होने जा रहा है? बस कलीसिया में शामिल होते है, और उसी पाप और उसी इच्छा के साथ वापस जाते है जिसके साथ वे कलीसिया में आये थे। वे उसी तरह से वापस चले जाते हैं। और यही कारण है, आज संसार देख रहा है, कहते है, "तो ठीक है, यदि *उस* मनुष्य के पास धर्म है, अगर *इस* व्यक्ति के पास धर्म है... "

75 मैं डरता हूं कि हमने इसे बहुत आसान बना दिया है। यह, मैं प्रेम करता हूं... मैं सोचता हूं, आनंद, निश्चय ही, मैं विश्वास करता हूं कि सारे आनंद यीशु मसीह में रखे हुए है। यह सही है। मैं विश्वास करता हूं कि यह आनंदमय और ख़ुशी है। लेकिन याद रखना, भाई, यह पीड़ा और दुःख सहने और क्रूस का मार्ग है। आपको इसका भी एहसास होना अवश्य है। यह सही है। मैं सोचता हूं कि क्या हमने इसे थोड़ा ज्यादा—थोड़ा ज्यादा चिकना तो नहीं रंग दिया है।

76 जैसे, मैं देख रहा था, और मेरी पत्नी ने कहा... मैं बाहर निकलने लगा

और उसने आज सुबह मेरे कोट पर गुलाब का फूल लगाया। उसने कहा, “आपको इसे लगाना चाहिए। आपकी माँ जीवित है।”

और मैंने कहा, “ओह, प्रिय, मैं नहीं जानता।”

77 मातृ दिवस अद्भुत है, लेकिन यह संसार की तरह है, उन्होंने चीजों का पैसा कमाने का जरिया कर दिया है, केवल फूलों को और इस तरह की चीजें बेचने के लिए। क्यों, यह मां के लिए एक अपमान है। क्यों, मेरी मां वर्ष के हर एक दिन मेरी मां है, जी हां, श्रीमान, ना कि केवल एक दिन के लिए।

मैं कहूंगा, “आप अपनी मां से प्रेम करते हैं? ”

78 “मैंने उसे पिछले मातृ दिवस पर फूलों का एक गुलदस्ता भेजा था।” तो ठीक है, भाई, उसे तो हर दिन माँ होना चाहिए। लेकिन यह तो व्यावसाय है।

79 वह फूल सुंदर है। मैं एक सुंदर फूल को पसंद करता हूं। मैं इसके बारे में सोचता हूं जैसे मैं... फूल कितना सुंदर है। यह खिलता है। और इसमें सुगंध होती है। और राहगीर इसकी सुगंध को लेता है। जानवर वहां से आता है, इसकी सुगंध को लेता है। लेकिन, अब देखो, यह सुंदर है। जैसे प्रभु यीशु मसीह की कलीसिया, यह सबसे महिमामय चीज है; दैविक चंगाईयां, और सामर्थ, और अद्भुत कार्य, और चिन्ह, और आश्चर्य कर्म, और पाप से स्वतंत्रता। यह एक सुंदर स्थान है। लेकिन, देखो, यदि यह गुलाब... हमें कलीसिया आना है, जैसे कि सारी प्रकृति।

80 वह गुलाब, सुंदर होने के पर, देश की हर एक गाय इसे चाट सकती है, यदि वह ऐसा कर सकती। लेकिन प्रकृति ने वहां छोटी–छोटी नोकीली चीजों को प्रदान किया है, एक छोटे से भाले वहां चिपके हुए रहते है, जो कांटे कहलाते है, और जिससे वे पशु उनसे दूर हो जाते है। यही कांटे इसकी रक्षा करते है। बिल्कुल ऐसा ही है।

81 और मैं सोचता हूं, आज, क्या हमें परमेश्वर का वचन नहीं मिला है, जो दोधारी तलवार से भी तेज है, परमेश्वर की पवित्रता की सामर्थ की सुंदरता के चारों ओर, हम देश की हर एक गाय को इसे चाटने देंगे और इस पशुओ को मार डालेंगे कि वे ना बढे। यह इसे आकर्षित करेगा। यह कलीसिया के प्रति कर्ज होगा। यह सही है।

82 मैं सोचता हूं, आज, हमें जिस चीज की आवश्यकता है, वह है पुराने चलन के, परमेश्वर के बुलाए हुए सेवको की, कच्चे, हो सकता है ज्यादा शिक्षा के साथ ना हो, लेकिन लोगों को वहां एक वेदी पर ले आए, और वहां अत्यंत दुखित हो। ना ही आनंद के साथ और हंसते हुए, और च्युइंग गम को चबाकर फुलाते हुए, और उनके नाम को एक कागज पर लिखते है; लेकिन, भाई, एक पुराने समय का पुकार उठना और मर जाना, जब तक स्त्री और पुरुष पूरी तरह से अपने पापों से पश्चाताप नहीं करते और परमेश्वर के नजदीक नहीं आ जाते। आमीन।

83 मैं आपको बताता हूं, हम ऐसा करते है, "अपने हाथ को ऊपर उठाये, जो मसीह को स्वीकार करना चाहता है," सब ऐसे करते है। यह ठीक बात है, भाई, परंतु यह—यह पाप को नहीं निकालता।

84 आपको पहले पश्चाताप करना होगा, ठीक कर ले, वहां नीचे बैठकर और वास्तव में पुकारे। मैं उस समय को याद कर सकता हूं जब पुराने चलन के लोग गलियारे में से चलकर जाते थे, और ऊपर और नीचे मार्ग पर, रोते थे, और उनके आस–पड़ोसियों से बात करते थे। वे उस दिन के मसीही थे; उन्हें प्रभु की बातों के बारे में बताते थे।

85 और, आज, हम अपने नाम को कलीसिया की किताब पर डालते हैं, और बाहर जाकर और घर पर ही रहते हैं, और इसके बारे में एक शब्द भी नहीं बोते हैं। कोई दिलचस्पी नहीं। "जब तक हम कलीसिया से संबंध रखते हैं, यह ठीक है।" मुझे पक्का है कि हम लोग वहां गलत हैं। जाँच करें। क्योंकि, यह न्याय में खड़ा नहीं रह पायेगा। नहीं, श्रीमान। यह नहीं हो पायेगा।

86 इससे कुछ भी कम नहीं चलेगा, "वह जो मेरे पीछे चलेगा, वह अपने आप का इन्कार करे, अपना क्रूस उठाए, और प्रतिदिन मरे।" वहां क्रूस पर मरे हुए बने रहे। यह सही है। अति पीड़ा! "वह मार्ग, मैं उस मार्ग को लूंगा," आप गाते हैं, "प्रभु के थोड़े से ठुकराए हुए लोगों के साथ।"

87 मैं आज सोचता हूं, क्या ही समय है जिसमें हम रह रहे हैं! वह, सुसमाचारक के प्रचारक, उन्होंने इसे बड़ी–बड़ी चमकदार रोशनी में रख दिया, और वे कोशिश करते हैं... जब आप सुसमाचारक को नगर में आते हुए देखते हैं, तो आप सोचते हैं। मैं, मेरी सभाये इसी तरह की दोषी रही हैं। यह सही बात है। कभी–कभी, मैं सोचता हूं कि नगर में कौन आ रहा

है, सुसमाचारक या यीशु मसीह? क्यों, उनके पास...

88 ज्यादा समय नहीं हुआ, मैं यहां एक स्थान पर गया, जहां कोई तो विशेष सुसमाचारक आने वाला था। और यीशु का नाम... क्योंकि, उनके पास सुसमाचारक की तस्वीर थी, "इस घड़ी का मनुष्य," यह मनुष्य *इस* के साथ है, और मनुष्य *उस* के साथ है।

89 मैं, कभी–कभी मैं अपनी सेवकाई के बारे में सोचता हूं, और लोगों को आते हुए देखता हूं। और मैं एक होटल के कमरे में जाकर, कहता हूं, "परमेश्वर, कौन—कौन है वे लोग देखने आ रहे है, मुझे या आपको?" समझे? "यदि वे मुझे देखने आ रहे हैं, फिर भी वे नष्ट हैं; लेकिन, हे परमेश्वर, मुझे तोडे, मुझे दूर करे। मैं आपका प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं, वो एक जिसके सामने हम किसी दिन खड़े होंगे, कांपते हाथों के साथ और कांपते हुए, निर्बल शरीर के साथ, आपकी ओर देखते हुए। यह जानते हुए कि मेरा प्राण आपके निर्णय पर निर्भर है।" आइए हम मसीह को ऊंचा करें।

90 आज, आप कहते हैं, "ठीक है, मैं बैपटिस्ट से संबंधित हूं। मैं एक मेथोडिस्ट हूं। मैं आराधनालय से संबंध रखता हूं। मैं *ऐसा* करता हूं।" ओह, इसका इससे कोई लेना–देना नहीं है; जरा भी नहीं। मैं कभी–कभी सोचता हूं।

91 यहां ज्यादा समय नहीं हुआ, मैंने एक—एक विज्ञापन को देखा, जहां पर कोई तो एक अभियान शहर में आ रहा था। और उस मनुष्य का शब्द, उस मनुष्य का नाम बड़े–बड़े अक्षरों में हर जगह लिखा हुआ है, *इस* तरह से। और एकदम नीचे, एक छोटे से कोने में, लिखा हुआ था, "यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है," बिल्कुल नीचे कोने में। देखा?

92 उन्होंने मसीह से सारी पवित्रता को लेकर, और इसे किसी मनुष्य, या किसी कलीसिया, या किसी संगठन में डाल दिया। भाई, मैं बताता हूं, आप तड़क भड़क के साथ हो सकते हैं, हॉलीवुड की मुर्खता के साथ, इस तरह से, उस में... कलीसिया के द्वारा। लेकिन, यीशु मसीह की उपस्थिति में, वही वो एक है जिसे महिमावंत होना है। यह सही है। अब, यही सच्चाई है, मेरे प्रिय भाई और बहन।

93 मुझ पर नाराज ना होना। आप बस याद रखे कि मैं आपको प्रचार कर रहा हूं। मैं प्रचार करना चाहता हूं जैसे कि यह अंतिम उपदेश हो जिसे

मैंने कभी अपने जीवन में प्रचार किया था। मैं प्रचार करना चाहता हूं, हर एक उपदेश जो मैं प्रचार करता हूं, जैसे कि मैं एक मरता हुआ मनुष्य था जो मरते हुए मनुष्यों को प्रचार कर रहा था। और, मैं मरता हुआ हूं; मेरा उजियाला हर एक दिन जल कर समाप्त हो रहा है; आपका भी। और हम मरणहार मर रहे हैं। और हमें इन दिनों में से किसी दिन जीवित परमेश्वर का सामना करना है, और अच्छा होगा कि हम इस विषय में गंभीर तौर से ईमानदारी में रहे।

94 बस एक तड़क–भड़क में, और ऐसा ही करते रहते है, और कलीसिया के सदस्य बनते है, और *यहां* जाते है और *वहां* जाते है, *इस* तरह से और *उस* तरह से व्यवहार करते है।

95 अच्छा होगा कि हमारे घरों में पुराने चलन की प्रार्थना सभाये हो, और दिन और रात परमेश्वर को पुकारते रहे। वो दिन निकट है, “विपत्ति का समय, संकट का समय।” बाईबल ने कहा, “एक अंधकारमय दिन।” और हम इसमें रह रहे हैं।

96 कैसे यह महान पुरुष वहां पर उत्तेजना के अंदर चला गया। उसने अपने आप को गुनगुने के साथ जोड दिया, सीमा रेखा वालों के साथ, और सोचा कि वह कुछ बड़ा कर रहा है, उसने सोचा कि परमेश्वर उसे आशीष दे रहा है। और उस समय उसे यह एहसास नहीं था कि वह अपने साथ इस सारे झुण्ड को लेकर आ रहा है। क्या? “हमारा छोटा झुण्ड, जो यहाँ पर यहूदा का—का है, आकर, और अपने आप को इस्राएल के बड़े झुण्ड के साथ मिला देंगे। हम कितने सामर्थी लोग हों जायेंगे।”

97 आप वहां है। और यही धोखे की रेखा है जिसका शैतान ठीक अभी उपयोग कर रहा है, कि मसीह विरोधी को अंदर लाये; बस उतना ही निश्चित है जितना कि मैं इसमें खड़ा हूं। “हम अपने प्रयासों को एक साथ करेंगे।” हम यह नहीं कर सकते। दो जन एक साथ कैसे चल सकते हैं, जब तक कि वे सहमत ना हो?

98 यह संयुक्त राज्य अमेरिका उसी काम को कर रहा है, वही स्वयं का अनुभव और उसी गलती को, जब यह वहां पहले रूस के साथ एक हो गया। उस समय वे बस युद्ध को करने के लिए तैयार थे, और खुद को रूस के साथ एक साथ बांध लिया। और अब आप देखते हैं कि हमें क्या मिला है, क्या आप नहीं जानते? उनके पास हमारे हवाई जहाज और हमारे सारे

भेद है, और हमारे परमाणु बम और हर चीज वहां पर रखी हुई है, कि इसे वापस हम पर प्रहार कर दे। वही चीज आत्मिक में लागु होती है।

99 तब हम पाते हैं, यहोशापात के इस समझौते को करने के बाद, और उन्होंने परामर्श किया। अब देखो, बाहर के संसार को देखो, उसने कहा, "निश्चय ही, हमारे यहां बहुत सारे भविष्यव्यक्ता है। हमारे पास उन से भरा हुआ एक धर्म विद्यालय है।"

100 वे वहां पर जाते हैं और उन लोगों से मिलते हैं जिन्हें प्रशिक्षित किया गया था, जो मनोविज्ञान को जानते थे, जो इसके बारे में सब जानते थे। कहा, "अब ऊपर आ, और हम पूछते हैं और प्रभु से परामर्श करें।"

101 वे सारे के सारे, निस्संदेह, अपने शारीरिक रूप से फूले हुए मन में, वहाँ आये और कहा, "अब, देखो, हम... तुम ऊपर जाओ। प्रभु तुम्हारे साथ है, और प्रभु तुम्हे उस देश के भाग को वहां पर देने जा रहा है, जो कि, यह तुम्हारा होने जा रहा है। तुम सीरियाई के लोगों को पूरी तरह से पीछे खदेड़ने जा रहे हो। तुम इसे करने जा रहे हैं।" उनमें से एक ने अपने लिए लोहे के सींगों का एक बड़ा जोड़ा बनाकर लगाया, और *इस* तरह से इधर–उधर भागने लगा, यह कहते हुए, "इसी तरह से, तुम सीरियाई के लोगों को खदेड़ने जा रहे हो।"

102 लेकिन, यहोशापात, बस थोड़ा और आत्मिक था, कि उस मूर्खतापूर्ण के व्यवहार के साथ बर्दाश्त करें। यह सही है।

103 परमेश्वर, हमें कुछ और यहोशपात दे, इस हॉलीवुड के जोकर से निराश और थक गया हो। यह सही बात है, नाटक करते है, कुछ तो होने का ढोंग करते है, जो वे है ही नहीं; बनावट करते है, नाटकीय ढंग से करते है, चित्रित करते है। और फिर जब वे अंदर आते हैं, तो आपके पास क्या होता है? जैसे किसी मनुष्य से पूछना, "रेगिस्तान में तैरने आओ"। आपके सिर पर लाल रेत के अलावा कुछ नहीं, जिससे बाद में आपको दु:ख होगा।

104 अब ध्यान दें, आप उन्हें किसके अंदर ला सकते हैं? किसी एक महिला ने उस दिन मुझसे कहा, "एक व्यक्ति ने कहा, 'मैं कलीसिया जाता हूं, लेकिन जब मैं कलीसिया में जाता हूं तो मुझे क्या—क्या मिलेगा?' कहा, 'वे केवल कुछ तो भोज का आयोजन करते हैं, और वे... *इस* बारे में, *उस* बारे में और *इत्यादि*।'" और महिला ने कहा, "मैं चुप्प खड़ी रही, क्योंकि मैं नहीं जानती थी कि उसे कहां भेजूं।" आप वहां है। कहा, "मैं

चाहता हूं कि मुझे एक पुरानी कलीसिया मिल जाए जहां पर वे वास्तव में पुराने चलन के स्तुती गीत गाते हो और धार्मिक जीवन को जीते हो।"

105 बच्चे भूखे हैं, वे कूड़े के डिब्बे में से खायेंगे। यह जीवित परमेश्वर की कलीसिया पर निर्भर है कि उन्हें सच्चे जीवित वचन को खिलाये... परमेश्वर के।

106 वहां, उस सारी तड़क भड़क और चीजों में, यहोशापात ने कहा, "क्या वहां एक और नहीं है?"

107 "एक और?" आहाब ने कहा। "तो ठीक है, खैर, तुम्हें और किसी एक की क्या जरूरत है? हमारे पास चार सौ सबसे अच्छे, चुने हुए, पढ़े–लिखे, सर्वोच्च पोषित किये गए, वहां जो इस देश में है यहाँ पर तैयार पुरुष हैं। उनमें से हर एक जन एक मन के साथ है, और एक ह्रदय, और एक आवाज के साथ, कह रहे थे, 'जाओ! परमेश्वर तुम्हारे साथ है।'"

108 मैं सोचता हूं क्या संयुक्त राज्य ने उसी चीज का सामना नहीं किया है। मैं सोचता हूं कि क्या परमेश्वर की कलीसिया उसी चीज का सामना नहीं किया है। मैं सोचता हूं। "तो ठीक है," कहते हैं, "देखो, उन्हें सफलता मिल रही हैं। वे बड़ी–बड़ी, विशाल सभाओं को कर रहे हैं। वे एक बार में हजारों लोगों को ले जा रहे हैं।" लेकिन मैं सोचता हूं कि क्या वहां अब एक और नहीं है। मैं सोचता हूं कि क्या वहां कुछ भिन्न नहीं है।

109 हम पाते हैं, हमारे पास छह सप्ताहों में तीस हजार लोग परिवर्तित हुए हैं, और छह सप्ताह बाद हमारे पास एक भी नहीं होता है। वहां कहीं तो कुछ गड़बड़ है। यह सही है। और यह सब दिखावा है, बनावट को कर रहे है। संसार, टेलीविजन के जरिये से, रेडियो के जरिये से, तस्वीरों के प्रदर्शन के जरिये से, और वहां उन दुसरे मार्गो के जरिये से, हॉलीवुड की बे सिर पैर की बातों से यह राष्ट्र भ्रष्ट हो चूका है। यह सही बात है। हर एक चीज बड़े तड़क भड़क में होना चाहती है। क्या यह सच्चाई नहीं है? आप जानते हैं कि यह सच्चाई है। हमारे पास अब पुराने चलन का धर्म नहीं है जो हमारे पास वर्षों पहले हुआ करता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसे छोड़ दिया गया है। हम इस बात को लेंगे, बस कुछ क्षण में, आप देखेंगे।

110 क्यों, क्या ही सुंदर तस्वीर है, या एक उत्तेजित करने वाली तस्वीर, मुझे कहना चाहिए। और यहां यहोशापात आकर, कहता है, "हां, मैं उन सबको देखता हूं। वे, हर एक के पास अपनी–अपनी डिग्रियां है," और

यह जो कुछ भी था। “वे सारे भविष्यव्यक्ता या बड़े सेवक होने के लिए है। वे बड़े–बड़े महाविद्यालयों से बाहर आये हैं। और वे यह सब है। वे भविष्यव्यक्ता के बड़े विद्यालय और हर एक चीज से बाहर आये हैं। वे सब एक मन के साथ है। यह सच बात है। लेकिन क्या वहां पर बस एक और नहीं है? ”

111 “तो ठीक है, तुम्हे एक और के साथ क्या करना है, जब कि चार सौ एक ही समय में सहमति को दे रहे हैं? ”

112 लेकिन वह मनुष्य, उसके ह्रदय के अंदर परमेश्वर था। और वह जानता था कि इस विषय में कुछ तो गड़बड़ है। जी हां, श्रीमान। वह जानता था कि वहां कुछ तो सड़ा हुआ था। क्यों? मैं आपको बताता हूं... वचन इसका हवाला नहीं देता है, लेकिन यहाँ है जो मैं समझता है। मैं जानता हूं कि——कि यहोशापात जानता था कि वहां पर वो ढोंगी आहाब है, कि वह परमेश्वर के साथ सही नहीं था। और एलिय्याह ने उसे परमेश्वर के वचन की भविष्यवाणी को किया था। और परमेश्वर भला कैसे आशीष दे सकता है जिसे उसने श्रापित किया था? आमीन।

113 मैं आज भी यही बात कहता हूं, मित्र। और जीवित परमेश्वर की कलीसिया, जो परमेश्वर के प्रति सच्ची खड़ी हुई है, उसी बात को कहेगी। आप तेल और पानी को एक साथ नहीं मिला सकते और इसे उद्धार नहीं कह सकते। आप नहीं कर सकते। अपने आप को अलग करना होगा, भाई। कुछ तो घटित होना है। यदि कोई आशा बची है, तो हमें कुछ तो करना होगा, और इसे जल्दी से करना है; क्योंकि रैपचर की घड़ी नजदीक है।

114 चीजें ढेर होती जा रही हैं, हर एक चीज, और कलीसिया बहुत ही दूर जा चुकी है। वे हर प्रकार की पत्रिकाये, किताबे, कहानियाँ और इत्यादि पढ़ते है। मैं आज जा सकता हूं... मैं एक कलीसिया में जा सकता हूं, और मैं कह सकता हूं, “ओह, कितने लोग जानते हैं... ” वे इन बड़ी बेदारीयों में से एक के बाद हर एक स्तुती के गीत को जानते हैं। “अब, किस——किस पन्ने पर ऐसा–ऐसा स्तुती गीत है? ” वे इसे जानते हैं। वे जानते हैं कि यह कौन है। वे जानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए कौन दौड़ में है, और *इस* के लिए कौन–कौन दौड़ रहा है, और कितने फिल्मी सितारों ने विवाह किया, *यह* और *वो*, *इत्यादि*। लेकिन, परमेश्वर का वचन, वे इसके बारे में कुछ भी नहीं जानते हैं। आप वहां है। इसलिए हम उनकी चम–... और, फिर

भी, वे मसीही होने का दावा करते हैं।

115 और लोग इसके दोषी नहीं है। यह तो मंच के पीछे से है, जहां से यह आया है। बिल्कुल ऐसा ही है। यह मंच के पीछे से है। वे उन्हें हर प्रकार के सुर–ताल को सिखाते हैं, और हर प्रकार के *यह* और *वह*, और संस्थाये, और कैसे युवा लोगो के झुण्ड को बनाया जाए, और इसी तरह की हर एक चीज। मैं सोचता हूं कि क्या इसका भुगतान किया गया है। इसके विरोध में कुछ भी नहीं है, लेकिन मैं सोच रहा हूं कि क्या यही परमेश्वर की मांग है।

116 जबकि, यीशु ने कहा, "जब तक मनुष्य जल और आत्मा से जन्म ना ले, वह कभी भी राज्य में प्रवेश नहीं करने पायेगा। वह जो... मेरे पीछे–पीछे आएगा, वह अपने आप का, और अपने सांसारिक सुखों का इन्कार करे, अपने क्रूस को उठाकर, और मेरे पीछे हो ले।" *क्रूस* "मृत्यु, अत्यंत पीड़ा" का एक प्रतीक है। "वह जो एक मसीही होगा, वह अपने आप को अपने खुद के विचारो को उतार फेंके। वो अपने आप को खुद को कामों से उतार फेंके। वो अपने आप को हर एक चीज को उतार फेंके, खुद का इनकार करते हुए, और उस पवित्र क्रूस को उठा ले, और प्रतिदिन मेरे पीछे हो ले। वह जो मेरे बाद आयेगा, वह ऐसा करने दो।" यही है जो यीशु ने कहा।

117 लेकिन, आज, हम कहते हैं, "हर किसी के पास एक अच्छा समय है। हर कोई अपने हाथों से ताली बजाता है। हर एक जन चिल्लाता है, 'हाल्लेलुय्या!' हर कोई *ऐसा* करता है।" ओह, हमारे पास कितना उपद्रव है! आमीन। परमेश्वर... हम इन नए गीतों को निकालकर और उन्हें बहुत तेजी से गाते हैं, कि ये ऐसा दिखाई देता है कि हम उनके साथ दीवार को आर–पार करने जा रहे हैं, या ऐसा ही कुछ।

118 जब, मैं सोचता हूं, यदि हम गाना गा रहे होते है, *तेरे निकट, मेरे परमेश्वर, तेरे पास,* कलीसिया के लिए बहुत अच्छा होगा; पुराने चलन के स्तुती के गीत गाना।

119 बहुत से नाच–गाने के बैंड के लोगों को लेते हैं, कुछ लड़के एक नाच–गाने के बैंड में थे जो यहाँ पर बजा रहे थे, पिछली रात को, और आज रात यहाँ पर जीवित परमेश्वर की कलीसिया में बजा रहे हैं? यह परमेश्वर की दृष्टि में एक घृणित बात है। पहले वह मनुष्य साबित होने दो, और वह फल को लेकर आने दो, पश्चाताप को करे, ताकि यह दर्शाये कि वह परमेश्वर के

साथ सही है।

120 वे सीधे दुनिया के तडक–भड़क वाले संगीत को सीधे मंच पर लाते हैं। वे हॉलीवुड को लाते हैं, प्रचार को चमकाते हुए, सीधे मंच पर।

121 क्यों, क्या मैं कुछ सप्ताह पहले आपके मेले के शहर में नहीं बैठा था, लुइसविले, केंटकी में? मेरा ह्रदय टूट गया, जब वे सब वहां बैठे हुए थे, परमेश्वर के अद्भुत कार्यो को देखने के लिए इच्छुक थे; और जैसे ही आप सुसमाचार प्रचार करते हैं, वे एक सेकंड में भर जाते, और अपनी पीठ को घुमा लेते और इमारत से बाहर निकल जाते। निश्चित रूप से। वे इसे नहीं चाहते हैं। उनके ह्रदय कठोर हो गए हैं। बाहर निकल जाते; और उनमें से बहुत से, प्रोटेस्टेंट भी, जो प्रोटेस्टेंट कलीसियाओ में जाते हैं। लेकिन वे भरे हुए... वे बहुत ही चमक–दमक से भरे हुए थे और हर चीज इस तरह से, बहूदा की बातों से और कलीसियावाद से, इतना तक वे जीवित परमेश्वर के आत्मा के विषय में कुछ भी नहीं जानते। “भक्ति का भेष तो धरते है, और उसकी शक्ति का इन्कार करते है।”

क्या ही दिन है जिसमें हम जी रहे हैं। ध्यान दें कि यह कहां ढेर होता है।

122 यहोशापात ने कहा, “मैं जानता हूं, आहाब। तुम्हारे चार सौ प्रचारक हैं। वे सभी अच्छे दिखने वाले लोग हैं, उनमें से हर एक ने कपड़े पहने हुए हैं और उनके बालों को अच्छी तरह से कंघी किया हुआ है, और हर एक चीज, जो कुछ भी अधिक वे हो सकते है। उनके पास उनकी डी.डी. की उपाधी हो सकती हैं। हो सकता है उनके पास उनकी सभी प्रकार की उपाधियां हो। वे वचनों को जानते होंगे, सारे के सारे वचनों को। लेकिन क्या तुम्हारे पास कहीं पर एक और नहीं है? क्या वहां कहीं तो बस एक और नहीं है? ”

123 उसने कहा, “हाँ, वहाँ एक और है, लेकिन मैं उससे घृणा करता हूँ।” आप वहां है। आप वहां है। “मैं उससे घृणा करता हूं।” याद रखें, आहाब एक धार्मिक व्यक्ति था, और ये धार्मिक शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने इस मनुष्य से घृणा की जिसके पास सच्चाई थी। कहा, “मैं उससे घृणा करता हूं।” कहा, “वह हमेशा ही मेरे विरोध में कुछ तो चिल्लाता रहता है।” वह भला इसे करने से कैसे खुद को रोक सकता था, जब कि परमेश्वर के वचन ने उसे दोषी ठहराया था?

124 आप कैसे शांत रह सकते हैं यदि आप परमेश्वर के पुरुष है, या परमेश्वर की स्त्री है, और जानते हैं और पाप और चीजों को देखते हैं, ढेर हुयी और तौली गयी, और हर चीज इस तरह से है; और मनुष्य के प्राणों को अधोलोक में जाते हुए देखते है; एक दिन में लाखों को; और शांत खड़े रहे? आप ऐसा नहीं कर सकते।

उस दिन किसी ने मुझसे कहा, कहा, "आप सोचते हैं कि आप इसे रोक सकते हैं?"

125 मैंने कहा, "नहीं। मैं इसे नहीं रोक सकता, क्योंकि परमेश्वर ने कहा। लेकिन एक दिन, न्याय के कटघरे में, वे बड़े पर्दे को सामने लगाने जा रहे हैं, उस ओर कैमरे पर प्रसारण होने जा रहा हैं, और उस टेप रिकॉर्डिंग को चलाया जाएगा। और मैं खड़ा होकर और इसे सुनूंगा; मैं अपनी आवाज को इसके विरुद्ध चेतावनी को सुनना चाहता हूं। परमेश्वर मेरा न्याय करेगा जब मेरी आवाज इसके विरोध में आती है।" जी हां, श्रीमान। जब हम इस जीवन को देखते हैं, इस पीढ़ी को, फिर से उस ओर न्याय पर दोबारा चलाया जाता है। निश्चित रूप से। हम एक भयानक समय में रह रहे हैं। और यह वहां है।

और हम उसे करते देखते हैं... उसने कहा, "क्या वहां एक और नहीं है?"

126 उसने कहा, "हां, लेकिन मैं उससे घृणा करता हूं, क्योंकि वह हमेशा ही मेरे विरोध में बुरी भविष्यवाणी को करता है।"

127 वह भला कैसे खुद को उन कड़क बातों को प्रचार करने से रोक सकता है, जब कि वह इसे होते हुए देख रहा है? देखो, अहाब वैसा ही जीवन जी रहा है, जैसा वह था, वैसा ही काम कर रहा था, और लोगों को वैसा ही ला रहा है जैसा वे हैं।

128 एक परमेश्वर का पुरुष, या परमेश्वर की एक स्त्री, हर ओर उस पाप के विषय में खुद को चिल्लाने और फटकारने से भला कैसे रोक सकते है? जब, वे इन गुनगुने प्रचारकों को देखते हैं, और दिखावे की चमक–दमक करने वाले, और शिक्षा देने वाले, और आदि–आदि इस प्रकार से है, लोगों को नरक में जाने दे रहे है, लाखों की संख्या में, धोखे के द्वारा; बहुत से... यहां तक कि पवित्रता के लोगों में भी। मैं मैथोडिस्ट और बैपटिस्ट के और

इस तरह की चीजों के बारे में ज्यादा नहीं बोल रहा हूं; उनके यहाँ भी ऐसा ही है। लेकिन यह ठीक आपके अपने स्तर पर ही है।

129 ओह, मंच पर आते है, बाकी सब की तरह लेकिन मसीह्त को छोड़, बाकी सब की तरह जीते है, सारे देशों में और आदि–आदि, तब वे इसे "धर्म" कहते हैं। यह एक धर्म है, लेकिन यह प्रभु के उद्धार से बहुत ही दूर है। यह सही बात है। उनके पास अनुभव वाले लोगो का बस एक बड़ा झुंड है। फिर जैसे ही छोटे से अनुभव वाले निकल जाते है, तब, पहली बात आप जानते हैं, आप उनमें से एक को भी नहीं पा सकते हैं; कलीसिया खाली दिखाई देती है। भाई, यदि कोई मनुष्य परमेश्वर से प्रेम करता है, तो वह हर बार कलीसिया में अपनी सीट के स्थान को भरेगा। वह इससे दूर नहीं रह सकता। यह सही है।

130 अब ध्यान दें, बस कुछ ही मिनटों में। मैं जल्दी करने की कोशिश करूंगा, अब सीधे मुख्य बात पर आता हूं, क्योंकि मेरा समय निकल रहा है।

ध्यान दें, तब उसने कहा, "क्या वहां इसके अलावा एक और नहीं है? "

131 उसने कहा, "हां, लेकिन मैं उससे घृणा करता हूं। वह हमेशा ही मेरे विरुद्ध भविष्यवाणी करता है। वह मेरे विरोध में बुरी बातें कहता है।"

"तो ठीक है," कहा, "जाकर उसे ले आओ।"

उसने कहा, "उसका नाम मिकायाह है।"

132 लेकिन इस मनुष्य के पास इतनी धर्मनिष्ठता थी कि यह जान सके कि ये लोग सही नहीं थे।

133 और कोई भी मनुष्य जिसे कभी भी, जरा सा भी, परमेश्वर की आत्मा ने छुआ है, वो जानता है कि ये बातें, जो आज मसीहत कहलाती है, सही नहीं है। "आप संसार से या संसार की चीजों से प्रेम नहीं कर सकते। यदि आप करते हैं, तो परमेश्वर का प्रेम आप में नहीं है।" बाईबल ऐसा कहती है।

अब देखो। उसने कहा, "जाकर उसे ले आओ।" और वे वहां पर चले गए।

134 और फिर उसने एक छोटे से संदेशवाहक को साथ भेजा, कलीसिया का डिकन, हो सकता है, या कोई तो, वहां पर गया और कहा, “अब देखो, मिकायाह, हम तुम्हें यहां आहाब और यहोशापात के सामने लाने जा रहे हैं। अब, वे दोनों वहां बाहर बैठे हुए हैं, और वे अब महान पुरुष हैं। वे शिक्षक हैं और वे विद्वान हैं। और उन्होंने अपनी उपाधियों और इत्यादि को पाया है। और हमारा हर एक धर्म विद्यालय, हमारी हर एक कलीसिया जो यहाँ पर है, ये इस बात पर पूर्ण सहमति में है कि यह प्रभु की इच्छा है। अब, तुम उसी बात को कहो जो वे कहते हैं, और, मैं तुम्हें बताऊंगा, तुम बेहतर कपड़े पहनोगे और कैडिलैक कार में सवारी करोगे। मैं तुम्हें बताता हूं, यदि तुम ऐसा करेंगे तो तुम बस एक महान व्यक्ति हो जाओगे। जी हां, श्रीमान। तुम फूलते–फलते जाओगे।”

135 मिकायाह ने कहा, “जैसा कि प्रभु परमेश्वर जीवित है, मैं केवल वही कहूंगा जो परमेश्वर कहता है।” आमीन। जी हां। ओह, वहां मेरे ह्रदय के अनुसार एक मनुष्य है। “मुझे रोटी और पानी खाना पड़ सकता है,” जो उसने खाया, “ऐसा करने पर।” हो सकता है उसके एक गाल पर मारा गया हो और दूसरे गाल पर, चाहे इससे भी अधिक, लेकिन उसने सच्चाई को बताया और इसके साथ खड़ा रहा। परमेश्वर ने इसे सत्य होने की पुष्टि की। वह इतना लोकप्रिय नहीं था, लेकिन वह परमेश्वर को जानता था।

136 छोटे बूढ़े मिकायाह को वहां पर लाया गया। उसने कहा, “ठीक है, मिकायाह, तुम इस विषय में क्या कहते हो?”

137 उसने कहा, “ऊपर की ओर बढे। ऊपर की ओर बढे।” कहा, “ऊपर जाओ, शांति में। आगे बढ़ो, सफल हो, यही मैं चाहता हूं कि तुम करो। लेकिन मैंने इस्राएल को भेड़ की तरह देखा, जो बिना चरवाहे के है, एक पहाड़ी पर, तितर–बितर। ऐसा ही है,” उसने कहा।

138 और जब उसने ऐसा किया; और आहाब ने यहोशापात की ओर मुडकर कहा, “मैंने तुम्हे क्या बताया? वो पवित्र शोर मचाने वाला… ” या, जो भी हो, मुझे क्षमा करें, या, यह जो कुछ भी था; उस व्यक्ति ने कहा, “कि… मैं तुम्हे क्या बताया था? वह व्यक्ति केवल मेरे विरुद्ध बुराई—बुराई की भविष्यवाणी ही करेगा। मैंने क्या कहा? ‘वह केवल हमारी कलीसिया को दोषी ठहराता है, और हमारे सेवकों को दोषी ठहराता है, और हमारे धर्म के तरीके को दोषी ठहराता है।’ मैंने तुम्हे क्या बताया था? वह ऐसा कहेगा।

मैं उसे जानता हूं। मैं उसके पिता को उससे पहले जानता था।" आमीन। "मैं उसके पिता को उससे पहले जानता था।" उह–हुंह, जी हां, श्रीमान, एक सच्चा परमेश्वर का मनुष्य। कहा, "मैं जानता था कि वह ऐसा कहेगा।"

139 और इसलिए उसने कहा, "हाँ," कहा, "मैंने इस्राएल को भेड़ के समान देखा, तितर–बितर, बिना चरवाहे के, एक पहाड़ी पर।" और सो तब उसने कहा, "मैं... "

140 और फिर उन लोगों में से एक जिसके पास बड़े सींग थे, उसे धक्का देने जा रहा था, एक प्रचारक, वहां पर चला गया और छोटे मिकायाह को वहां पर खींचा, और उसके मुंह में जोर से प्रहार किया जितना वह जोर से मार सकता था, कहा, "परमेश्वर का आत्मा किस ओर चला गया जब यह मुझ में से निकला? क्या तू जानता हैं।"

141 कहा, उसने कहा, "रुको जब तक तुम यहाँ पर कैद में नहीं बैठ जाते, और तुम जान जाओगे कि यह किस ओर गया।" यह सही है।

142 रुको जब तक रूस यहां पर बैठा हुआ है, राष्ट्रों और इस तरह की चीजों, और इस देश को अधिकार में नहीं कर लेता, ऐसा इसके पीछे हटने के कारण, और आप देखेंगे कि क्या सही और गलत था। यह सही बात है। आप देखेंगे कि आपका गुनगुना धर्म, भुगतान करेगा या नहीं करेगा।

143 इस राष्ट्र को आंसू आने दो, ना कि हंसी–मजाक और नाटक की ओर। इस राष्ट्र को पश्चाताप में अपने घुटनों पर आने दो। हमें यही चाहिए। ना की एक बेदारी जिससे कि कलीसिया में बहुत सारे लोगों को लाया जाए। हमें हर एक अवैध शराब की दुकान को बंद करने की आवश्यकता है, सारे सिगरेट पीने को बंद करने की, कारखानों को गिराने की। एक सच्चा, पुराने चलन का, पवित्र आत्मा का अभियान आरंभ करें; जहां पुरुष और महिलाएं, दिन और रात, अपने मुंह के बल पड़े रहते हुए, रोते रहते थे। मैं आपको बताऊंगा, यह सबसे बड़ा शरण स्थल होगा जो इस राष्ट्र के पास कभी रहा है। यही सच है।

144 ब्रंहम टेबरनेकल उसकी मूर्खता को छोड़ दे। ये यहां वेदी पर वापस आकर और परमेश्वर के साथ ठीक करने दो। पड़ोसियों के साथ, और इसी तरह से इत्यादि के साथ, और परमेश्वर के साथ सही संबंध बना ले। आपके पास कोई भी वाद–विवाद नहीं होना चाहिए और ऐसे ही करते

रहना; यह संसार को आकर्षित करने वाला स्थान होगा। यह सही है। अब, यह सच्चाई है।

145 तब उसने कहा, "परमेश्वर का आत्मा मुझ में से किस ओर चला गया? "

146 और मिकायाह ने कहा, "मैंने परमेश्वर को, और उसकी सेना को, उसकी सभा को, महिमा में बैठे हुए देखा।"

147 आप जानते हैं, परमेश्वर की वहां एक सभा होती है, कभी तो एक बार। वो—वो उसके—उसके दूत जीवों को ऊपर लाता है और एक—एक सभा को, कभी तो एक बार ऊपर स्वर्ग में रखता है।

148 और उसने कहा, "मैंने उसे सिंहासन पर बैठा हुआ देखा, और सारे लोग उसके दाहिने और बाएं हाथ पर खड़े हुए थे।" और कहा, "वे चर्चा को कर रहे थे, 'हम किसको भेज सकते हैं जो नीचे जाकर अहाब को धोखा दे, उसे यहाँ से बाहर लाये और एलिय्याह की भविष्यवाणी को पूरा करे? परमेश्वर ने ऐसा कह दिया है, जो होने जा रहा था, इसलिए हम बस देखेंगे कि कौन नीचे जा सकता है।'

149 "और एक झूठ की आत्मा नीचे की ओर से ऊपर आती है," निश्चय ही, नरक से बाहर आती है, "परमेश्वर के सामने आकर और कहा, 'मैं नीचे जाऊंगा, और मैं उन प्रचारकों में आकर और उन सभी से झूठ की भविष्यवाणी करने का लगाऊंगा।'" ओह, क्या इससे उन्हें गुस्सा आया। क्या इससे उन्होंने अजीब सा महसूस किया, जब, "उन्होंने कहा, 'मैं नीचे जाऊँगा और उन प्रचारकों से, उनमें से हर एक से, झूठी भविष्यवाणी करवाऊँगा।'" और वह नीचे उतर गया और उन प्रचारकों में आ गया, और वे झूठ की भविष्यवाणी करने लगे।

150 और, भाई, वही परमेश्वर आज उसी सिंहासन पर राज्य करता है। और उसी झूठ की आत्मा ने आज भी वही काम किया है, झूठ की भविष्यवाणी करते हुए।

151 वे कहते रहे, "शांति, शांति, शांति," प्रथम विश्व युद्ध के बाद।

152 मैं आपको दिखाऊंगा कि यह कहां से आया है। पहले विश्व युद्ध में, जब फ्रांस, वहां पर, परमेश्वर से मुंह मोड़ लिया, उनके खुशहाल नब्बे के दशक में, और आरंभ...

153 अब मैं नैतिकता पर थोड़ा सा लेने जा रहा हूं, इसलिए आप सब बस कुछ मिनटों के लिए शांत बैठे रहे।

154 देखो, वहां पर पहले, आरंभ में, वहां फ्रांस में, वहां पर, जहां पहले झगड़ा–विवाद और गंदगी का आरंभ हुआ। यदि संसार में कभी कोई खड्डा था, तो वह पेरिस, फ्रांस है। और मैं इसका अधिकांश भाग लगभग यात्रा कर चुका हूँ, और यह सबसे गंदा स्थान है जिसे मैंने कभी देखा है। और लंदन, इंग्लैंड इतना कुछ अपवाद नहीं है। और संयुक्त राज्य ठीक इसके साथ उसी पंक्ति में आ रहा है। यह सही है। वे वहां हैं।

155 हर बार जब आप स्त्रीत्व की नैतिकता को तोड़ते हैं, तो आप राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी को तोड़ देते हैं।

156 यहां आप उनके अपने देशों में जाकर, और कहते हैं कि आप एक मिशनरी हैं, वे इसे पसंद नहीं करते... कहो, "आप हमें क्या करने को कहोगे, अपनी पत्नियों या अपनी लड़कियों के बारे में गंदे गाने कैसे गाये? आप हमें बताओगे कि अपनी पत्नी को कैसे तलाक देना है? हमें व्हिस्की पीना सिखायेगे और जिस तरह से हम चलते हैं, वैसे ही चलो?" हम ऐसे ही हैं।

157 हम अपने आप को धार्मिक राष्ट्र कहते हैं, मसीही राष्ट्र कहते हैं। तो, अफ्रीका में वे "मूर्तिपूजक" हमें नैतिकता को सिखा सकते हैं, कि कैसे जीना है। सबसे सड़ा हुआ स्थान, संयुक्त राज्य अमेरिका में, मेरा मतलब, संसार में, लगभग, यह राष्ट्र है, ये कैसे हो गया है। मैं एक अमेरिकी हूं, निश्चय ही। लेकिन, भाई, मैं सहायता नहीं कर सकता, जब आहाब मतलब यहोशापात के सामने... और मुझे बताना है कि परमेश्वर जो कहता है वह सच्चाई है। यही है जिसके लिए आज कलीसिया को खड़े होने की आवश्यकता है। यदि यह राष्ट्र और परमेश्वर के बीच में आता है, तो यह हमेशा ही परमेश्वर होता है। जी हां, श्रीमान।

158 ध्यान दें, फ्रांस में, उन्होंने उनकी सारी सडावट को आरंभ कर दिया, और जिस तरह से वे वहां पर रहते थे, उसी तरह से बढ़ रहे थे। और फिर परमेश्वर ने उनके पास जर्मनी को भेजा, ताकि उन्हें थोड़ा सा हराया जाए। तब हम उनकी जान को बचाने के लिए वहां पर गए। और जैसे ही हमने ऐसा किया, और युद्ध को जीत लिया, जर्मन लोगों को वापस भेज दिया, फ्रांस के साथ शांति को स्थापित किया, क्या वे परमेश्वर की ओर फिरे?

नहीं, श्रीमान। स्त्रियां, दाखरस, व्यभिचार, पाप और गंदगी।

159 फिर उन्होंने क्या किया? क्या हुआ? यही है जहाँ से उसने आरंभ किया। शैतान ने अपना मुख्यालय वहां स्थापित किया। यही है जहां से उसने आरंभ किया, ठीक वहां पर, ताकि संसार का चरित्र भ्रष्ट करे, पेरिस, फ्रांस से।

160 फिर, यदि आप ध्यान दें, वह यहां सेवकाई के जरिये से नहीं पहुंच सकता है, तो उसने जो किया वो ऐसा था कि वो हॉलीवुड में आ गया। उसने अपना हॉली–... उसने अपना मुख्यालय यहां पर हॉलीवुड में स्थापित किया। शैतान यहाँ पर वापस आ गया, कुछ वर्ष पहले, पंद्रह या बीस वर्ष पहले, उसकी बड़ी सेना के साथ, और जाकर, हॉलीवुड, कैलिफोर्निया में पहुंचा। और उसने अपनी प्रेत शक्तियों के साथ संयुक्त राज्य पर आक्रमण किया। सही है। हमारे सारे फैशन पेरिस से आते हैं। वे इसे हॉलीवुड में, पर्दे पर डालते हैं। ये छोटी–छोटी लड़कियां और छोटे–छोटे लड़के, और इत्यादि, यहाँ से बाहर निकलकर, वे उन परदे पर के नाटक को देखते हैं।

161 अच्छे छोटे–छोटे बच्चे, अच्छे छोटे लोग, उनके विरोध में कुछ भी नहीं। परमेश्वर उनके छोटे ह्रदयो को आशीष दे। मेरा ह्रदय उनके प्रति दुःखता है।

162 और ठीक यहाँ शहर में, मैं अपने... एक... मेरे बेटे से बात कर रहा था, उस दिन। उसने कहा, "पिताजी, यदि वहां नगर में कुछ लड़के होते थे, जिनके पास पवित्र आत्मा होता था," और आदि–आदि। आप सोचे कि मैं क्यों डेनवर, कोलोरेडो या ऐसे ही इसी तरह के स्थान क्यों दूर जा रहा था? मेरे बच्चों को कहीं तो ले जाऊं जहां लोगों का एक झुंड हो जो परमेश्वर के लिए पुकारते हो; जिसकी आवश्यकता है, भाई।

163 यह देश, यह राष्ट्र, यह शहर, यह स्थान इतना चरित्र भ्रष्ट हो गया है इतना तक कि यह दयनीय है। यदि मैं केवल ठीक अभी व्यक्त कर सकता जो मैं पूरी तरह से जानता हूं कि ठीक यहां सच्चाई को होना है, यह यहाँ तक मिले जुले सभा के लोगों के सामने बताने योग्य भी नहीं होगा। या, ठीक यहाँ इस अपने शहर में ठीक यहाँ; ना ही केवल यहाँ पर, लेकिन दुसरे स्थानों में, हर जगह, यह आना आरंभ हो गया है आसानी से...

164 क्योंकि क्यों? लोग... देखो, मित्रों, यह बहुत ही चालाक है। यह बहुत ही आहिस्ता से आ जाता है, इतना तक कि यह आपको घुटन देता है।

शैतान हमेशा फैशन में हुआ करता था। हो सकता है वह फैशन से बाहर नहीं गया हो, लेकिन वह उसके काम से बाहर नहीं गया, मैं आपको यह बताऊंगा। वह अब भी उसके काम में है।

165 देखो, आज। जैसा कि मैंने कुछ समय पहले कहा, हम उस छोटी सी महिला, एक छोटी सी लड़की के बारे में बात कर रहे थे जो एक गुलाब के साथ थी। उदाहरण के लिए, गुलाब, यह सुंदर होता है; यह वहां पर होता है कि इसकी ओर देखा जाए, यह सच है। और यह बिलकुल कलीसिया की तरह है, यह वहां पर होती है कि इसकी ओर देखा जाये। एक सुंदर छोटी महिला की तरह, यह वहां होती है कि उसकी ओर देखा जाए। यह सही है। लेकिन यदि वह... वह अच्छी है, अर्थात, वह अपने पति के लिए होती है, वह—वह बिल्कुल ठीक है। लेकिन यदि उसके ऊपर नैतिकता की लटकी हुई तलवार नहीं होती है कि वहां उसकी रक्षा करे, वह समाज और मनुष्य जाति की कर्जदार हो जाती है; इतनी गिरी हुई और निंदनीय और सड़ी हुई इतना तक कि कुत्ते भी उसकी ओर नहीं देखेंगे। यह सही बात है।

166 और जीवित परमेश्वर की कलीसिया के लिए भी यही बात है। वे यहां से बाहर निकलते हैं और खुद को तड़क–भड़क दिखाने की कोशिश करते हैं, और इस तरह से व्यवहार करते हैं... वे यहां अपनी महिलाओं को निवस्त्र करते हैं, ठीक... और लोग यह नहीं समझते हैं कि ये शैतान आपके घरों पर आक्रमण कर रहा हैं।

167 ठीक उस दिन मेरे पड़ोस में, एक युवा महिला, जो मैं सोचता हूं कि एक अच्छी महिला है, और वह एक विवाहित स्त्री है, उसका एक बालक है, और वह छोटी महिला बाहर वहां पर आयी, पुरुष सड़क पर किसी काम को करने के लिए आये, और यह छोटी महिला वहां छोटे पुराने कपड़े पहने हुए थी, जो कि बहुत ही गंदे थे।

168 यह एक ख़राब मातृ दिवस का वर्णन है, लेकिन, मेरे भाई, मुझे आपको कुछ तो बताने दो: माँ, फिर से माँ बनने के लिए वापस आ जाये!

169 यहां तक कि एक छोटा सा लड़का हमारे पड़ोस में मिलने के लिए आ रहा था, अंदर आकर और हमें इसके बारे में बताया, “वहां पर देखो।”

मैंने कहा, “तो, यह तो कुछ भी नहीं है।”

170 वो महिला एक अच्छी महिला है। मैं यह नहीं कहता कि वह चरित्र भ्रष्ट हो चुकी है। लेकिन, बात ऐसी है, उस पर एक जकडी हुई, गंदी आत्मा है, जो उसे ऐसा करने को लगा रही है, और वह इसे नहीं जानती है।

171 संसार में एक मां क्या चाहेगी, या कोई भी, उन छोटे पुराने गंदे कपड़ों को पहने, और अपने आप को पुरुष के सामने रखें? आप सुंदर है, बहन। तुम सुंदर हो, माँ। मैं आपके लिए परमेश्वर का धन्यवाद देता हूं। लेकिन, आप सुंदर हैं, लेकिन यदि आपके पास उन नैतिकताओं की रक्षा करने के लिए पवित्र आत्मा नहीं है, तो अच्छा होता कि आप दिखने में इतने भद्दे होते कि कोई भी आपकी ओर नहीं देखे, और आप स्वर्ग में चली जाये। यह सही है। यह सच है। ध्यान दें कि आप क्या कर रहे हैं; वे नैतिक।

172 अब, यह क्या है, शैतान अंदर आ चूका है और उसने लोगों को इन चीजों को बताया है। वह प्रचारकों के अंदर आ गया है; वह हॉलीवुड का रूप धारण कर रहा है। वे लड़कियां और वे युवा महिलाएं, वे हॉलीवुड के अनुसार रूप धारण करते हैं। सबसे अच्छी चीजें जो उनके पास आज देश में है, सबसे अधिक नैतिकताहीन बात जो आप सुन सकते हैं, वह है; रेडियो पर होने वाली सारी बातें।

173 कुछ बूढी महिलाये जैसे कि कुमारी केय स्टार, उसके विरोध में कुछ भी नहीं; लेकिन एक ऐसी बूढ़ी महिला को देखना, जो पचास वर्ष की है, और पूरी तरह से, उसके कपड़े उसके ऊपर थोपे गये थे, जैसे उसे आटे के बोरी में डाला गया हो। मैं इस बात को मजाक करने के लिए नहीं कह रहा हूं, क्योंकि मैं उन चीजों के विरोध में बात कर रहा हूं। लेकिन एक महिला इस तरह से व्यवहार करती है, और एक युवा अमेरिकी महिला के लिए एक उदाहरण के नाई खड़ी होती है, यह हमारे राष्ट्र की कर्जदार है। यह शैतान है।

174 आर्थर गॉडफ्रे जैसे लोग और वे यहाँ–वहां भागते फिरते हैं, उन चीजों को कर रहे हैं जो वे करते हैं, और जो इस तरह से देश के सबसे प्रसिद्ध पुरुष है, और, क्यों, यह एक अपमानजनक बात है।

175 हाल्लेलुय्या! ऐसा इसलिए कहता हूं क्योंकि मैं महसूस करता हूं कि पवित्र आत्मा यहां पर है। आक्रमण जारी है, बस एक घर से दूसरे घर में, एक स्थान से दूसरे स्थान पर, कलीसिया से कलीसिया तक, मनुष्य से मनुष्य तक फ़ैल रहा है।

176 बच्चे, यीशु मसीह के नाम में, बेदारी और प्रभु यीशु मसीह के नैतिक आधार के साथ उठकर, और कहे, "मैं प्रभु के कुछ ही ठुकराए हुये लोगों के साथ मार्ग को लूंगा।" जी हां, श्रीमान। "मैं एक सच्ची मां बनूंगी।" "मैं एक सच्चा पिता बनूंगा।"

जब सारा संसार, और हर कहीं, मेरे प्राण के चारों ओर
  छोड़ देते है,
तब वही मेरी सारी आशा है और सहारा है।

क्योंकि मसीह पर, जो ठोस चट्टान है, मैं खड़ा हूं;
दूसरी सारी भूमि धंसती हुई रेत है,
दूसरी सारी भूमि...

177 इन सारी चीजों का क्या कारण है? क्या कारण है कि सेवक लोग इस तरह का व्यवहार करते है? कौन सी बात ने प्रचारकों को लोगों के लिए इस झूठ की भविष्यवाणी करने को लगाया?

178 ऐसा क्यों हुआ, वर्षों पहले, कि आप मेथोडिस्ट लोग... जब बूढ़े जॉन स्मिथ को सुसमाचार का प्रचार करने के लिए उसके पुलपीट पर भरा हुआ था, और उसने चार घंटे का एक छोटा सा उपदेश प्रचार किया। और उसने कहा, "इसकी परेशानी यह है, कि मेरा ह्रदय टूट रहा है।" उसने कहा, "मैथोडिस्ट की बेटियां यहां तक कि अपनी उंगलियों में अंगूठियां पहने हुए रहती हैं।"

179 और, आज, वे छोटे कपड़े पहने हुए हैं और छोटे–छोटे पुराने गंदे कपड़े पहने हुए हैं। और वे अगले पांच वर्षों में पूरी तरह से नग्न हो जाएंगी, यदि कुछ नहीं किया गया तो। आप मेथोडिस्ट प्रचारकों को, आप कैंपबेली, आप बैपटिस्ट को क्या हो गया है? जी हां, श्रीमान। यह शैतान है, जिसने अपनी शक्तियों को नीचे फेंका है, और उसने यहां पर अपने छोटे–छोटे शैतानों को छोड़ा है।

180 और आप इसे समझ नहीं पाते हैं, आप सिगरेट पीते हैं, आप महिलाएं, और जिस तरह से आप वहां कर रही हैं, और शराब पी रहे हैं और उसी तरह से आप करते ही जा रहे हैं, आपको एहसास भी नहीं है कि आप अपने शरीर को जहर दे रहे हैं, और उन सारी पीढ़ियों को नष्ट कर रहे है जो आपके पीछे आने वाली है, यदि ऐसी कोई चीज है। पचास प्रतिशत अधिक कैंसर

होने की संभावना, सिगरेट पीने से होती है, और आप जानबूझ कर सीधे उनके अंदर जाते है। और कलीसियाये इसका समर्थन करती है।

181 एक बड़े बैपटिस्ट कलीसिया में, बस यहीं, हाल ही में... मैं बैपटिस्ट के विषय में बोल रहा हूँ। मेरा उस पर अधिकार है; वे एक प्रकार से उस ओर झुके हुए है जहां से मैं निकल आया हूं। लेकिन जब उन्हें संडे स्कूल की सभा और प्रचार सभा के बीच में मध्यांतर को देना होता था, जिससे कि पास्टर और सारे लोग बाहर जाकर और धूम्रपान कर सके, और सड़क पर पुरुष और महिलाएं सिगरेट पीते थे। शैतान ने ऐसा किया है। यह सही बात है।

182 फिर, यहाँ हमारे अपने शहर में, हमारे सबसे प्रमुख सेवकों में से एक, ठीक यहाँ न्यू अल्बानी में, इस खेल के मैदान में, जो शहर के हमारे प्रमुख सेवकों में से एक जो जोड़े में स्त्री–पुरुष के नाच के कार्यक्रम को निर्देशित करता है, कि वो पुरुषों और महिलाओं को मंच पर लेकर आये।

183 परवाह नहीं करता कि संसार क्या कहता है, मैं परवाह नहीं करता कि आप इसके इर्द–गिर्द किस तरह से बहकाने की कोशिश करते हैं; भाई, वहां ऐसा कोई लाल लहू वाला या हष्ट–पुष्ट पुरुष नहीं है जो किसी दूसरे पुरुष की पत्नी के पास जाकर वैसा ही महसूस नहीं करता हो। आप जानते हैं कि यह सच है।

184 उन्होंने हमारी स्त्रियों को ले लिया है, और उन्हें निर्वस्त्र कर दिया है; वहां बाहर कार्यालयों में, और टैक्सी चला रही है, और सड़क पर ऊपर और नीचे चलती है। जहां, उन्हें घर पर होना चाहिए, चूल्हे के पीछे, खाना पकाते हुए, और रात के खाने तैयार करते होना चाहिए।

185 यह क्या है? यह शैतान है। आक्रमण जारी है। मैं *इसके* व्यक्तिगत के बारे में या *उसके* व्यक्तिगत के बारे में कुछ भी नहीं कह रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि यह अशुद्ध आत्माएं हैं जो लोगों को अपने अधिकार में कर रही हैं, उन्हें सीधे इसके अंदर लेकर जा रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका का आक्रमण।

186 कलीसिया को उखाड़ फेंकना। शैतान ने कलीसिया को उखाड़ फेंका है। वहां पीछे...

187 वे अब एक लड़के को लेते हैं, जब वह एक धर्म विद्यालय में आता है, तो पहली चीज जो उसे सीखनी होती है, वह है अपनी डिग्रियों को लेना। उसे मनोविज्ञान को लेना है। उसे धर्म ज्ञान को लेना है। उसे सिखाना होता है,

उसमें सब प्रकार की चीजों की शिक्षा को डाला जाता है। यदि वो वास्तव में अच्छी शिक्षा को प्राप्त नहीं करता है, यदि वह उतना चतुर और तेज नहीं है जितना कि वह हो सकता है, तो वे उसे बाहर कर देंगे; वह योग्य नहीं ठहर सकता। उसे क्या करना होता है? यहाँ आकर एक छोटी सी राजनीतिक की बात प्रस्तुत करना, जैसा कि यह था, एक कलीसिया की राजनीतिक बातें, लोगों के एक झुण्ड के लिए, मरते हुए पुरुषों और महिलाओं का एक झुंड।

188 हे परमेश्वर, हमारे लिए कुछ पुराने चलन के लोगों को, ससाफ्रास या सुगंधित छाल के पुरुषों को भेजे पुरुष जो क ख ग भो नहीं जानते हैं, जो प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की सामर्थ को जानते हो, जो पश्चाताप का प्रचार करे, और पुरुषों और महिलाओं को वेदी पर भेजते हो, ताकि प्रभु यीशु से प्रेम करें। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

189 यह एक कर्ज है। उसने धर्म विद्यालयो पर आक्रमण किया है। उसने कलीसियाओ पर आक्रमण किया है। उसने हमारी स्त्रियों को निवस्त्र किया है। उसने हमारे पुरुषों को एक ऐसे स्थान पर लेकर आया है कि आप उन्हें कुछ भी नहीं बता सकते हैं। और पुरुष और महिलाएं, मैं सोचता हूं...

190 आप कहते हैं, "तो ठीक है, महिलाएं।" जी हाँ, और आप पुरुष जो अपनी पत्नियों को ऐसा करने की अनुमति देंते है, यह दर्शाता है कि आप किस चीज से बने हैं। यह बिल्कुल ऐसा ही है। निश्चित रूप से। यह एक अपमानजनक बात है। यह दयनीय बात है।

191 और फिर नीचे प्रचारक की ओर देखे। प्रचारक आज मंच पर खड़ा होता है, एक आधुनिक पुलपीट पर। वहां पर खड़ा होता है, उसके लोगों के साथ उसके सामने, और पश्चाताप और पाप और मसीह के कठोर क्रूस को छोड़ संसार की हर छोटी पुरानी चीज के बारे में प्रचार करते हैं। जी हां।

192 जब आप सच्चाइयों को सामने रखते हैं; लोग आपकी सुनने के लिए आएंगे, सुसमाचार के प्रचार की सभा में। आप मुख्य बात पर पहुंचने और सुसमाचार का प्रचार करने, लोगों को पश्चाताप करने और उन्हें सही मार्ग पर लाने का प्रयास करते हैं। तो वे ऊपर जाकर और बाहर निकल जायेंगे, वे इसे सुनना नहीं चाहते है। नहीं, वे नहीं चाहते। लेकिन, भाइयों, उन्हें पश्चाताप करना है या तो नाश होना है।

193 दुष्टआत्माये! आप विद्यालय जाते हैं; इसने विद्यालयों पर आक्रमण

किया है। आज देश भर में हर कहीं देखें। यहाँ पर देखो, आप लोग, आप जो प्रोटेस्टेंट हो। देखिए, वहां चार बड़े–बड़े कैथोलिक विद्यालय और इत्यादि है, जो आज बनाये गये है। ऐसा क्यों है? आप ढिलाई को दे रहे हैं।

194 कैथोलिकवाद के विरोध में कुछ भी नहीं है, हालांकि मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मैं पूरी तरह से एक प्रोटेस्टेंट हूं। यह बिल्कुल सही है। साबित कर सकता हूं कि वे नहीं... आप उनके साथ बहस नहीं कर सकते। वे कहते हैं, "हम परवाह नहीं करते कि बाईबल क्या कहती है। हम जानते हैं कि कलीसिया क्या कहती है।"

195 परमेश्वर अपने वचन में है। *यही* है जहां परमेश्वर है।

196 लेकिन कुछ कैथोलिक, उनकी कलीसिया से ऐसे चिपके हुए रहते हैं, एक प्रोटेस्टेंट के नाई आपको अपने आप पर लज्जित होने को लगाएगा। यदि आप केवल बाईबल से चिपके रहें, जैसे वे अपनी कलीसिया से चिपके रहते हैं। ठीक है। लेकिन, वे गलत हैं। मैं सर्वशक्तिमान परमेश्वर के अधिकार के नीचे यह कह सकता हूं कि, वे गलत हैं। पूरी तरह से।

197 और आप प्रोटेस्टेंट लोग गलत हैं, जिस तरह से आप कर रहे हैं, क्योंकि आप वास्तव में अच्छी तरह से जानते हैं, और आप इसे करते हैं। यह आप में से एक ढोंगी को बनाता है। निश्चय ही, यह आक्रमण है; कलीसियाओ का पतन हो रहा है। और अब बजाये...

198 कलीसिया, कलीसिया को सुंदर बनाने की कोशिश करते है, एक बहुत बड़ी कलीसिया को बनाते है, उस पर बड़े–बड़े मीनारें लगाते है, बड़े–बड़े संगीत वाद्ययंत्र, और हर एक चीज को कैथोलिक कलीसिया के नमूने के अनुसार करने का यत्न करते है। आप कैथोलिक चर्च की तरह नहीं बनना चाहेंगे, क्योंकि वो विनाश के लिए दंडनीय है। क्योंकि, यह **यहोवा यों कहता है**, वो विनाश के लिए दंडनीय है। और आप उसके नक्शेकदम पर चल रहे हैं, तो आप उसके साथ जा रहे हैं।

199 लेकिन आज हमें जिस चीज की आवश्यकता है, ना ही एक बड़ी कलीसिया की, एक बड़े मीनार की, पर एक पुराने चलन की वेदियों की आवश्यकता है जहां पाप जल जाते हैं, प्रभु यीशु मसीह से प्रेम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की अर्पण की गयी प्रार्थना के नीचे। आप यह जानते हैं। यही है जिसकी हमें आवश्यकता है। मित्रों, मेरी सुनना। मुझे सुनना। यह प्रेम है।

200 मेरा समय ख़त्म हो गया है। मैं बस उस पर रुकना चाहूंगा, जहां पर, बस, मैं इसे ले लूंगा, बस कुछ समय के बाद, उस आक्रमण पर, ये कहाँ पर चला गया है। इसने आक्रमण किया है। इसने हमारे राष्ट्रों पर आक्रमण किया है। इसने संयुक्त राज्य पर आक्रमण किया।

201 अब याद रखना, मैंने अपने जीवन में कभी भी वोट नहीं डाला, देखो, इसमें बढाई मारने की कोई भी बात नहीं है, यह मेरा अमेरिकी जन्मसिद्ध अधिकार है यदि मैं इसे करना चाहूं। लेकिन मैं अपने मित्रों के बारे में बहुत सोचता हूं, कि उन्हें वहां पर रखूं। देखो, मैंने उन्हें भले मनुष्य के रूप अंदर जाते देखा है, धोखेबाजों की तरह बाहर आते हुए देखा है, और मैं ऐसा नहीं चाहता।

202 मेरे पास एक बात है। मैं यहां एक व्यक्ति के लिए एक मंच को तैयार कर रहा हूं, जो उम्मीदवार है, और वो यीशु मसीह है, और केवल वही एक है। मैं अपना समय उसके लिए देता हूं। यह सही बात है। और यदि मैं कलीसिया को व्यवस्थित कर सकूं, तो बाकी का संसार अपने आप संभल जायेगा। यह सही है।

203 लेकिन मैं आपको बता दूं, जब श्रीमान रूजवेल्ट (वह मनुष्य मर चूका है, उसे विश्राम करने दो, मैं विश्वास करता हूं कि वह विश्राम में है।), उसने आकर, और तीन या चार बार कार्यकाल को चलाया, और अधिकार कर लिया, बस एक प्रारंभिक तानाशाही को, मैं आपको वचन में से साबित कर सकता हूं, जहां मैंने कहा था कि यह बात जगह लेगी। यह सही है। हमारे पास अब और कोई संविधान नहीं है, वह टुकड़े–टुकड़े हो गया है, हर चीज पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है। रिपब्लिकन भी बहुत ही ख़राब हो गये हैं, एक के छह, तो दूसरे के आधा दर्जन।

204 क्योंकि, हर एक राज्य नष्ट होने जा रहा है, लेकिन यीशु मसीह का राज्य बना रहेगा और हमेशा के लिए राज्य करेगा। यह सही है। उस पर... दानिय्येल ने देखा कि पहाड़ों में से चट्टान को तराशा गया, और वहां पहले की राजनीतिक दुनिया पर प्रहार किया और इसे इस तरह से पीसकर पाउडर में बदल दिया, जैसे कि ग्रीष्म ऋतु में गेहूं को रौंदा जाता है। लेकिन वह चट्टान बढ़कर एक बड़े पहाड़ में बदल गई जो आकाश पर फैल गई–... सारे आकाश और पृथ्वी को भर दिया। ऐसा ही है।

205 राजनीतिक संसार ख़त्म हो गया है। हमारा राष्ट्र टूट गया है। आपको

यह याद होगा, कि भाई ब्रन्हम ने कहा कि, **यहोवा यों कहता है**। हमारा राष्ट्र ध्वस्त हो गया है। यह कभी नहीं उठेगा। वो ख़त्म हो चूका है, बाकी के सारे राष्ट्रों की तरह। यह संसार का सबसे बड़ा राष्ट्र है, जो आज खड़ा हुआ है, लेकिन यह वही शैतान का बीज है जिसे लोगों के ह्रदय के अंदर बोया गया है; किस तरह से यह हॉलीवुड में आया, यह किस तरह से लोगों के अंदर आया, और *इस* से आरंभ किया। और आप उन्हें कुछ भी नहीं बता सकते।

206 वहां एक राष्ट्रपति को ले जो अब व्हिस्की को बंद करने की कोशिश करेगा, और शराबबंदी को करेगा, देखना कि क्या बात जगह लेती है। वहां पहुंचने के दो घंटे बाद ही उसे गोली मार दी जाएगी। निश्चय ही, वह इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता; सारा संसार उसके विरोध में होता है। जी हां, श्रीमान। आप ऐसा नहीं कर सके।

207 वह खत्म हो चूका है। उस पर आक्रमण किया गया है, और साम्यवाद की आत्मा ने इसका अधिकार कर लिया है।

208 आज हमारे विद्यालयों में जाये, हमारे विद्यालय के बच्चों की ओर देखे। हमारे छोटे–छोटे बच्चे जो विद्यालय जाते हैं, आपको बस यह पता लगाना चाहिए कि क्या चल रहा है। यहां विद्यालय में छोटी–छोटी लड़कियां, और इस तरह की चीजें, चौदह और पंद्रह वर्ष की उम्र में, उनकी माँ उन्हें विद्यालय भेजती है, जो नैतिक रूप से नष्ट हो गयी है, मानसिक रूप से, नशा करने वाली, नशे के आदी, सिगरेट की लत, इस तरह की बाकी की हर एक चीज; उस छोटी सी उम्र में, इस तरह की छोटी बच्चियां। उनमें से कुछ के बीच कुंवारी लड़की को ढूंढना उतना ही कठिन होगा जितना कि घास के ढेर में सुई ढूंढना, जब वे लड़कों के साथ कंबल की तारीखें देते हैं, और इन नदी के किनारे और हर जगह पर अंगराई लिए होते है।

209 और मैं इसे आपको साबित कर सकता हूं, मेरे दोस्तों। मैं ऐसे ही इसे पुलपिट में नहीं कहूंगा, जब तक मैं नहीं जानता कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। हमारे—हमारे यहाँ के देशों के स्कूलों में, ठीक यहाँ इन देशों में, उन छोटी लड़कियों के कपड़े पहनने के बारे में, नहीं जानते... अपनी माताओं को बताती हैं कि वे भिन्न स्थानों में जा रही हैं, और लड़कों से मिलती है और यहां तक कि लुइसविले की सड़कों पर वेश्यावृत्ति करती है (यह क्या है? ), और गायन मंडली में गीत गाती हैं।

210 क्योंकि, उनके पास एक एक छोटा सा पुराना सामाजिक सुसमाचार होता है जो वहां पर जारी है, जहां प्रचारक लोग खड़े होते हैं और छोटी–मोटी बातों के बारे में बात करते हैं, और बाईबल की छोटी–छोटी कहानियां बताते है, या ऐसा ही कुछ, बजाये इसके कि पश्चाताप का प्रचार करे और पुरुषों और महिलाओं को वेदी पर लेकर आये।

211 उस लड़की का पिता रात में चलकर आता है और अपने सिगार को जलाता हैं, एक गिलास बीयर लेकर, और बैठता है और इसे पीता हैं। मां दिन के समय बाहर होती है, किसी ताश के पत्तो की पार्टी में महिलाओं के झुंड के साथ, कुछ इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम में। आप भला कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि बालक कुछ और ही बने?

212 देखिए, आप जिस किसी भी वातावरण में रहते हैं, आप वैसे ही होते हैं।

213 आप एक छोटी सी लड़की को ले, छोटे से छोटे लड़के को, उन्हें यहां बाहर रख दे, उन्हें किसी के साथ रहने दे। आप एक पुरुष को ले, मैं अपने लड़के को ले सकता हूं, उसे किसी के साथ एक दिन के लिए बाहर रहने दे; मुझे वहां आने दो, मैं हमेशा ही आपको बता सकता हूं कि वह किसके साथ रहा है। निश्चित रूप से। देखो, वह वातावरण, वह आत्मा उसे पकड़ लेता है।

214 आप एक कलीसिया में जाते हैं, जहां लोग सब... आप पवित्र आत्मा की कलीसियाओ में जाये, या—या पेंटीकोस्टल कलीसियाओ में, वे इसे कहते है। हर कोई होने... ओह, वे दौड़कर और अपने सिर को ऊपर–नीचे हिलाते हैं, पास्टर जो करता है; देखो सारी कलीसिया उसी चीज को करने लगती है। मनुष्यों को, लोगों को उठकर और—बस बुरा काम करने दो, या कुछ और करना जारी रखते है; पूरी चीज को ऐसा करते हुए देखोगे। एक ऐसे स्थान में जाये जहां पास्टर वास्तव में रुखा और ठंडा हो; सारे झुण्ड को ऐसा ही करता देखोगे। आप उस वातावरण में आ जाते हैं।

215 आप एक ऐसे पुरुष को ले जो एक अच्छा धार्मिक व्यक्ति है, और उसे एक छोटी सी महिला से विवाह करने दें, जिसकी एक पैसे की भी कीमत नहीं है; ज्यादा समय नहीं बीतेगा कि उस पुरुष की एक पैसे की भी कीमत नहीं रह जाएगी। आहाब के साथ यही हुआ। इसी तरह से ले, इसके विपरीत, एक अच्छी छोटी महिला को एक ऐसी व्यक्ति से विवाह करने दो

जिसकी एक पैसे की कीमत नहीं है; पहली चीज जो आप जानते हैं, वह उसी चीज को कर रही होती है जो वो कर रहा है।

216 मैं आज सुबह किस तरह जाकर, और अपने हाथों को छोटे टूटे हुए घरों की ओर संकेत कर सकता हूं और इस तरह की चीजों पर, जहाँ प्यारी छोटी माताये शराब पीने वाले पिता के पास आती हैं, और ऐसी ही चीज़ें, और सोचते है कि वे उसके साथ कुछ तो कर सकती हैं, और अब सारी माताये और वे सब शराब पी रहे है और ऐसे ही चल रहा है। यह वातावरण होता है।

217 यह क्या है? यह शैतान है। यह शैतान का आक्रमण है। वह इस राष्ट्र के अंदर फ़ैल गया, एक गरजते हुए सिंह की तरह। उसने खुद को यहां उनके सबसे अच्छे स्थान पर बसा लिया है, उस हॉलीवुड में। उसने कहा, “मैं फिल्मों को यहां ला सकता हूं जब तक टेलीविजन नहीं आ जाता है, तब मैं उन्हें ले लूंगा।” और वह वहां बैठ गया।

218 और कलीसिया के लोग, बजाये इसके कि तमाशे या कार्यक्रम को बंद करे और अपने बच्चों को वहां नही जाने दे, वे उन्हें रविवार दोपहर को दस सेंट देते हैं और उन्हें वहां भेजते हैं, जिससे कि उनकी एक छोटी सी सामाजिक ताश के पत्तो की पार्टी हो सके, अपने आप में मगन हो सकें और घूम–फिर सकें। ओह, क्या ही लज्ञा की बात है। अब वे बस टेलीविजन को चालू करते हैं और उस सारे गंदे, सड़े हुए बेहूदा बातों को जो संसार में है उसे देखते है, इस टेलीविजन पर। यह सही है।

219 मुझे फिल्म से कोई शिकायत नहीं है। मुझे टेलीविज़न से कोई शिकायत नहीं है। यह सड़ी हुई चीजें है जो इस पर दिखती है। यह वही है। यदि आपने इसे नैतिक बनाये रखा होता, तो ये नैतिक ही बनी रहती थी।

220 आप आज यहाँ शहर में पुराने फैशन के बटन के जूते बिल्कुल भी नहीं बेच सकते। स्त्रियां उन्हें नहीं चाहती। वे अपने पैरों से उंगलियाँ निकालना चाहती हैं। बाकी महिलाएँ भी ऐसा कर रही हैं। यह सही बात है।

221 जब आप कलीसिया में जाते हैं, तो आप उन्हें पुराने समय के धर्म को नहीं बेच सकते, क्योंकि दूसरी महिला, वह नहीं चाहती, नहीं, इससे कोई लेना–देना नहीं रखना चाहती है। नहीं, श्रीमान। “मुझे वहाँ जाने की कोई ज़रूरत नहीं है। मैं बस इतना ही विश्वास करती हूं कि बस इतना ही है।”

ओह, भाई, शैतान भी विश्वास करता है। ठीक है। आप पश्चाताप करेंगे या नष्ट हो जाएंगे।

222 अब, क्षमा करें; नहीं, मैं नहीं कह रहा हूं। नहीं, मैं नहीं कह रहा हूं। नहीं, मैं इसे वापस लेता हूं। मैं लोगों से प्रेम करता हूं। लेकिन मैं—मैं—मैं—मैं आपसे इतना प्रेम करता हूं कि आपको इस तरह से सिर के बल डुबकी लगाते हुए देखना चाहता हूं। परमेश्वर ने चाहा तो, मैं इसे कुछ समय बाद सप्ताह में ले लुंगा।

223 अब, आप माताओं के लिए जो माताएं हैं, जाने से पहले आपसे बस कुछ शब्द। परमेश्वर आपको आशीष दे। आप अपने बच्चों का पालन–पोषण ठीक ढंग से करे।

224 हम इस आक्रमण को ले लेंगे; हमें अब भी घरों में जाना है, और बहुत से स्थानों में, स्कूलों में, और इसके साथ बाहर स्थानों में। हम इसे ले लेंगे।

225 लेकिन, संयुक्त राज्य अमेरिका के आक्रमण के बाद, शैतान ने उस पर कब्ज़ा कर लिया है। रूस से मत डरो। रूस के पास करने के लिए कुछ नहीं है। हम इसे अपने आप के लिए कर रहे हैं, हमारी खुद की सडावट ठीक हमारे बीच में है। यह सही बात है।

226 आप जानते हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका में बाकी सारे संसार की तुलना में अधिक तलाक के मामले हैं? अधिक तलाक; इसके विषय में सोचो। कितना भयानक? मातृत्व टूट चूका है। माताएं अब उनके बच्चों के साथ घर पर नहीं रहती हैं, जैसे वे हुआ करती थीं। उनके पास करने के लिए एक काम होता है।

227 यहाँ पर एक दिन, इस शहर में एक किराने की दुकान का व्यक्ति, मुझसे इस बारे में बात कर रहा था। ये महिलाएं इस सार्वजनिक कारखाने में काम करती हैं, ये युवा विवाहित महिलाएं जिनके छोटे बच्चे है। वे उनके बच्चों को देखभाल करने वालो की जगह पर रखते है। वे इन सार्वजनिक स्थानों में काम करती हैं। कहा, “उनमें से दो वहां खड़े थे, जब उन्हें अपने सार्वजनिक कार्यो से निकाल दिया गया था, कहा, ‘चिंता मत करो। जो भी हो, हम इसे कर लेंगे।’”

228 ओह, क्या ही वैश्यावृत्ति की घड़ी यहाँ पर है। निश्चय ही। शैतान ने उन्हें बता दिया है कि वे घर की मालिक हैं। वे अपना पैसा खुद कमा लेंगी। वे

वही करेंगी जो वे करना चाहती हैं। और यदि आप कर सकें तो आप उनसे यह काम करवा सकते हैं।

229 उनमें से केवल एक ही चीज इसे निकाल सकती है, वह है वेदी, यीशु मसीह के सामने, एक पुराने चलन का, आंसू बहाने वाला धर्म जो उनके ह्रदयो को तोड़ दे और उन्हें टुकड़े–टुकड़े कर दे, और उन्हें वही बनाये जो उन्हें होना चाहिए। यह सही बात है।

230 वे हो सकता हैं कि सोचे मैं बस एक पुराने विचारों वाला मनुष्य हूँ। लेकिन जिस दिन आप मर रहे होते है, मेरे भाईयों, बहनों, आपको अहसास होगा कि मैंने आपको सत्य बताया था। यह सही है।

231 वह आक्रमण पर है, समय आ पहुंचा है। अभी, अब, जी हाँ, निर्णय की एक घडी भी, निर्णय की एक घडी, ना ही कलीसिया में आने के लिए, लेकिन यह निर्णय लेने का समय है कि क्या आप मसीह की सेवा करेंगे या अपनी कलीसिया में गुनगुने बने रहेंगे। और यह सही है।

232 कलीसिया के बहुत से सदस्य है। यदि सारे... या अमेरिका के लोग जो मसीह होने का दावा करते हैं, वे सच्चे मसीही हों, फिर से जन्म पाए हुए मसीही, भाई, हम भी युद्धों और मुसीबतों से लगभग उतने ही सुरक्षित रहेंगे जितने आप स्वर्ग में रहेंगे, जी हां, श्रीमान, बीमारियां देश को छोड़ देंगी, बाकी की हर एक चीज।

233 क्या यह अच्छा नहीं होगा कि सड़क पर आकर और देखे जहाँ एक महिला और पुरुष आते है, "आप कैसी हैं, बहन? सुप्रभात, भाई"? यहाँ चलो, वहाँ नहीं... आपको संसार में कुछ भी चिंता नहीं है। सब कुछ बस ठीक है और अच्छा है। और वह व्यक्ति सड़क के कोने पर आ जाता है; बजाए इसके आपको कुचल कर निकलने की कोशिश करे, वह रुक कर, कहे, "कोई बात नही, भाई। कोई बात नही, आपके पास... ओह, आप मेरे सामने आ गये थे," आप देखते हैं, बस... क्या यह अच्छी बात नहीं होगी? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] हमारे पास ऐसा होने जा रहा हैं, लेकिन यह सहस्त्रशताब्दी में होता है, भाई। वह दिन अभी आ रहा है। यह सही है। इसलिए अब हम नहीं...

234 मैं अपने पड़ोस में खड़ा था, एक दिन यहाँ पर; हमारे पड़ोसी के विरोध में कुछ भी नहीं है, लेकिन मैं अपने छोटे बच्चों की ओर ध्यान दे सकता हूं। पत्नी रो रही थी। इस शहर का कोई एक डॉक्टर है, उसकी छोटी लड़की

मेरी छोटी लड़की के साथ इधर–उधर घुमती रहती थी, और वे एक दूसरे से प्रेम करते थे; जब तक उन्हें पता नहीं चला कि मेरी लड़की का नाम ब्रन्हम था, और वह आदरणीय ब्रन्हम की बच्ची थी। इसने मामले को खत्म कर दिया। वो छोटी लड़की मेरी छोटी लड़की के साथ अब और नहीं जा सकती थी। "ओह," मैंने सोचा, "ठीक है, कोई बात नही।"

235 कुछ छोटे पड़ोसी वहां पर आये, कहा, "तो, कोई बात नही।" इसलिए, वे उनके पास्टर के पास गए। मुझे मत बताओ। आप जानते हैं, मेरे—मेरे पास बहुत सी चीजों को जानने का एक तरीका है, आप देखो। सो वे—वे अपने पास्टर के पास गए, और कहा, "आप जानते हैं, हमारे पड़ोस में एक व्यक्ति रहता है, जो हमारे बच्चों के प्रति बहुत ही अच्छा है।" कहा, "वो आदरणीय ब्रन्हम है। वह उन्हें लेता है, उन्हें अपने छोटे पुरानी गाड़ी में बैठाता है, और उन्हें बाहर ले जाता है।"

236 कहा, "अच्छा, ओह, *अहाँ!* हमारे पास आदरणीय ब्रंहम के विरोध में कुछ भी नहीं है। वो ठीक है, लेकिन, आप देखना, वह हम लोगों से बिलकुल अलग श्रेणी के लोग हैं।" जी हां। "हम, मैं—मैं चाहता हूं कि आप नहीं हों... आप जानते हैं, मैं एक प्रकार से नहीं... अप उनसे बात करो, और मित्रता पूर्वक रहो, लेकिन बस इससे आगे नहीं जाए।"

237 ओह, भाई! मेरी पत्नी वहां खड़ी हुई, रो रही थी। मैंने कहा, "प्रिय, यह एक अलग करने वाली रेखा है। क्योंकि मैं और मेरा घराना, यहोवा की सेवा करेंगे।"

238 यद्यपि सारा संसार पीछे हटने लगे; पर यीशु मसीह सदा के लिए है! यदि मुझे कट्टरपंथी कहलाना पड़े, यदि मुझे त्यागा जाता है मेरे कुटू–... मेरे संगी मनुष्य, और इस प्रकार की चीजे, मैं तब भी यीशु मसीह को चुनूंगा। परमेश्वर के ना बदलने वाले हाथ को थामे रहे। जब धरती के मित्र आपको छोड़ देते है, तब भी उसके और भी अधिक नजदीक रहे। उसे थामे रहे।

239 परमेश्वर, मुझे प्रचार करने दो जैसे मैंने पहले कभी नहीं किया हो। मुझे मरते हुए मनुष्यो को प्रचार करने दो, खुद एक मरते हुए मनुष्य के रूप में। मुझे लोगों को ऐसे प्रचार करने दो जैसे मेरे पास प्रचार करने के लिए दूसरा उपदेश कभी नहीं होगा। मैं उन्हें वेदी पर आने के लिए तैयार करूं, और उनके चेहरे पर आँसू बह रहे हों; घर वापस जाकर और मसीही लोगों की तरह जीये, और उनके पड़ोस में रहकर। इस सारे खिलवाड़ को यहां रोक

दो, यहाँ–वहां भागना और उछलते रहना और ऐसे ही करते जाना; और *इस* तरह से व्यवहार करना, और *इस* पर गुस्सा करना, और *उस* तरह से करना। ओह, ऐसा ना करे। यही वो शैतान है। वे दुष्ट आत्माये मसीही लोगों पर आती है।

240 याद रखें, वे सेवक जो वहां पहले थे, वे लोग भविष्यवक्ता थे। वे भविष्यवक्ता थे। वे धार्मिक पुरुष थे जो बलिदान को चढ़ा रहे थे। वे उतने ही धार्मिक थे जैसे इस दिन के शिक्षक है, लेकिन, भाई, वे सच्चाई को जानने से बहुत दूर थे।

241 क्या आप नहीं देखते कि शैतान कितना धार्मिक है? ना ही शैतान कोई विरोध–, साम्यवाद जैसी बड़ी–बड़ी चीज, सब मसीहत के विरोधी है। ऐसा नहीं है। यह उस, ओह, तो, उस शैतान के है, निश्चय ही, लेकिन यह मसीह विरोधी नहीं है। मसीह विरोधी बहुत ही धार्मिक होते है, बहुत ही धार्मिक। यह एक धार्मिक आत्मा थी जिसने यीशु को क्रूस पर चढ़ाया। यह हमेशा से एक धार्मिक संसार रहा है, एक धार्मिक लोग, जो क्रूस पर चढ़ाते हैं। यह धार्मिक लोग होते है जो सच्चे मसीह के विरोध में थे। यह धार्मिक भविष्यव्यक्ता थे जो मिकायाह के विरोध में थे। यह उस दिन के धार्मिक लोग है जो परमेश्वर के संदेश के विरोध में है।

242 याद रखें, मैंने आपको चेतावनी को दिया है। मैंने आपको बता दिया है। मैं कैथोलिकवाद, और बैपटिस्ट और मेथोडिस्ट के बारे में इतना कुछ नहीं बोल रहा हूं; मैं तो बस उन लोगों के बारे में बात कर रहा हूं जो पवित्रता के लोग हैं, ठीक यहां इन वहां पंक्तियों पर है। आज इसकी ओर देखें, यह किस तरह से सामने आया है और नाटक में खड़ा हुआ है। ओह, प्रभु। मैं कभी तो इसमें गया हूं। और मेरा ह्रदय अंदर ही अंदर टूट जाता है।

243 वहां खड़े होते है एक पुराने बैंजो बाजे के साथ, उस पुराने बैंजो को जोर–जोर से बजाते है, और इस तरह से एक पुरानी वायलन को बजाते है, "क्या यह टेक्सास का *फलां–और–फलां* चरवाहा है? " मेरे पास उस व्यक्ति के विरोध में कुछ भी नहीं है; लेकिन यह वहां बाहर संसार से संबंध रखता है। यह सही है। मैं तो बल्कि खड़ा होना चाहूंगा, भाई, यहाँ तक बिना किसी चीज़ के, बिल्कुल कुछ भी नहीं, बस खड़ा होकर और अपने हाथ ऊपर उठाना चाहूंगा और कहूंगा, "यीशु, मुझे क्रूस के पास रखे।" जी हां, श्रीमान।

पवित्र क्रूस को मैं सहन करूंगा,
जब तक मृत्यु मुझे आजाद ना कर दे,
तब घर जाकर मुकुट को पहनूंगा,
क्योंकि वहां मेरे लिए एक मुकुट है।

244 आज सुबह यहां आप छोटी माताओं के लिए, जो कि सच्ची माताएं रही हैं, और मैं जानता हूं कि आप में से बहुत सी हैं; मैं सोचता हूं, आप में से हर एक जन है। मुझे आपको कुछ बताने दो। परमेश्वर आपको आशीष दे। आप पांचवे सुसमाचार है, मैं सोचता हूं। मैं आपको बताता हूं जो अब आपके बच्चों के लिए है, बस एक छोटी सी बात। क्योंकि, भाई नेविल शायद प्रचार करेंगे... आज रात मां के बारे में, या जो कोई भी हो, हम में से एक जो प्रचार करता है, तो ठीक है, मां के विषय में। लेकिन, सुनना, मैं आपसे कुछ तो पूछना चाहता हूं।

245 याद रखें, जब मूसा एक छोटा सा लड़का था, यह एक माँ थी जिसने उसे उसके निर्देश को दिया था। यह एक धर्मी मां थी जिसने छोटे मूसा को अपने घुटनों पर बैठाया, और कहा, "मूसा," उसे सब सिखाया। वह उसका शिक्षक था, या, वह उसकी शिक्षिका थी, मेरा मतलब, फिरौन के नीचे, और कहा, "अब, ये बातें," कहा, "मूसा, किसी दिन तुम इस्राएल के बच्चों को छुड़ाने जा रहे हो। तुम वो लड़के हो जिसे बुलाया गया है। अपने आप को शुद्ध रखना और संसार से बेदाग रहना, क्योंकि तुम ही वो एक हो। तुम वो एक हो।"

246 वहां कोई और स्थान हम नहीं पाते, जहां वह कभी किसी धर्म विद्यालय में गया हो, कोई भी शिक्षा ली हो, जो कभी उसे मिली हो। वह ठीक फिरौन के महल में रहा था, जो एक मूर्तिपूजक था; लेकिन उसकी मां ने उसे सिखाया था। यही एक सच्ची मां होती है। उसने उसे प्रभु के नीतिवचन सिखाए। उसने उसे बताया कि उसे कैसे पवित्र होना चाहिए। उसने उसे बताया कि उसे किस तरह और उसे क्या जीना चाहिए, और कैसे, परमेश्वर क्या करेगा, उसके लिए क्या करना है। और यह चीजें मूसा के साथ उसके जीवन के सारे दिनों में बनी रही।

247 और कोई भी भली, सच्ची, निष्ठावान मां जो उसके छोटे बच्चों को लेगी, बजाये इसके कि उन्हें सिनेमा को और नाच को और इस तरह की आदि-आदि चीजों को देखने के लिए भेजें, और वह उन्हें अपनी गोद में बैठायेगी

और उन्हें प्रभु यीशु मसीह के बारे में सिखाएगी।

248 यहाँ एक दिन, मैं एक माँ से टेलीफोन पर बात कर रहा था। और मां ने कहा, "ओह, भाई बिली," उसने कहा, "मेरा बेचारा लड़का परेशानी में है।" कहा, "ओह, वह कितनी परेशानी में है।"

249 मैंने कहा, "हां, मैं इसके बारे में जानता हूं, प्रिय बहन।" और उसने कहा, "हो सकता है वह गलत हो। मैं नहीं जानती।" कहा, "एक *ऐसा* कहता है और एक *वैसा* कहता है। मैं नहीं जानती। लेकिन," कहा, "कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह गलत है या सही है, मैं उससे प्रेम करती हूं।" आप वहां है, "मैं उससे प्रेम करती हूं।"

250 उसने अपनी मां से कहा, कहा, "मैं *इसके* और *उसके* द्वारा बहुत ही भरमाया गया हूं।" कहा, "मां, मैं विश्वास करता हूं कि आप ही मेरी वास्तव में एकमात्र हृदय प्रिय है; एक स्त्री जो मेरे लिए सच्ची है, और मुझसे चिपकी रहती है।" यही माँ का प्रेम होता है। यह एक सच्ची मां होती है जो अपने हाथों को अपने बच्चे के चारों ओर रखेगी। चाहे वह सही हो या गलत हो, वह इसमें से आगे बढ़ती है। और यदि परमेश्वर... यदि एक मां अपने बच्चे के बारे में सोच सकती है, तो परमेश्वर उसके बारे में कितना अधिक सोचेगा। आपने देखा? आप ठीक उसके साथ बने रहे। सही–सही जाये।

251 और अब मैं आपको एक और मां के विषय बताऊंगा, जल्दी से, बाईबल में से, इससे पहले कि हम बंद करें। एक माँ थी जिसका नाम हेरोदिया था। उसने अपनी बेटी को पैरो को थपथपा कर करने वाला नाच सिखाया। वह चाहती थी कि उसकी बेटी लोकप्रिय बने। और उसने राजा के सामने नृत्य किया, और यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के सिर की मांग की। हमारे पास उसके सत्तर संतानों का अभिलेख है, यह कन्या (हेरोदियास की पुत्री) जिसने नाच को किया, हेरोदेस के सामने नाची; उसके सत्तर वंश, वे या तो वेश्यावृति में मर गये या फांसी पर।

252 एक मां जिसने उसकी बेटियों को संसार की बातें सिखाई; दूसरी मां ने उसकी बेटियों को परमेश्वर की बातें सिखाई। एक महान अगुवाही करने वाली और जयवंत हुई, आज मनुष्यों के बीच अमरहार है; और दूसरी भ्रष्ट हुई है और अधोलोक में है, और अपने साथ हजारों गुना हजारों को ले गयी। देखा मेरा क्या मतलब है? "लड़के को उसी मार्ग में ले आओ जिस पर उसे चलना चाहिए।"

253 और मैं निश्चित रूप से आप उन बेचारी माताओं के प्रति सहानुभूति रखता हूं जो सफेद गुलाब को लिए हुए यहां बैठे हैं। वहां एक स्वर्ग है जिसमें एक मां आज जा चुकी है, जहां एक अच्छे पुराने चलन की मां जो परमेश्वर के लिए जीती थी, संभवत: पर्दे के पार चली गई है। वह आपके आने की प्रतीक्षा कर रही है। यह सही है।

254 आप जो लाल गुलाबों के साथ है मैं आपका आदर और सम्मान करता हूं। आपकी मां, यदि आप उसके लिए कुछ भी करना चाहते हैं, तो इसे एक वर्ष में तीन सौ पैंसठ दिन करें। उसके घर जाकर और प्रार्थना को करें, और परमेश्वर के लिए जीये। यही वो चीज है जो करना है। और अपने बच्चों का पालन–पोषण करें। और जब आपके बच्चे बड़े हो जाते हैं, तो वे आपको “धन्य” कहेंगे, आपके पर्दे के उस पार जाने के बाद। यही मातृत्व की सच्ची आत्मा है, मातृ दिवस की सच्ची आत्मा। मातृ दिवस एक वर्ष में तीन सौ पैंसठ दिन होता है।

255 यह तो वो दिन है जब वे फूल बेचते हैं और उपहार को देते हैं, संसार ऐसा करता है। यदि यह सफल हो जाता है, यदि संसार बीस वर्ष और भी बना रहेगा, उनके पास बेटा दिवस होंगे, बेटी दिवस होंगा, और, चचेरा भाई के दिन, और चाचा दिवस, और वे सारी चीजें इसी तरह से होगी, बस दुनिया को एक व्यावसायिक तड़क भड़क में लाने के लिए काफी है। बस यही है जहां यह जा रहा है, सीधे नरक के अंदर, बस उतना ही तेजी से जितना यह जा सकता है, विनाश की ओर।

लेकिन, आप, परमेश्वर आपको आशीष दे, मेरी प्रार्थना है। क्या हम प्रार्थना करें।

256 हमारे दयालु स्वर्गीय पिता, जैसा कि हम आज सुबह पीछे देखते हैं, हमारे मनो के साथ, वहां पीछे उधर, कुछ सैकड़ों वर्ष पहले, जब यहोशापात वहां पर राजा आहाब के पास खड़ा हुआ था। और एक छोटा सी आत्मा उसके हृदय में, अब भी परमेश्वर की बाकी थी, भले ही उसने गलती की थी, उसे बताया था, कहा, “यह गलत है। यह गलत है। यह शुद्ध नहीं है। यह पवित्र नहीं है। भविष्यवक्ता ने कहा कि ये बातें इस तरह से नहीं चल सकती हैं।” और परमेश्वर की छोटी सी आग ने उसे जगा दिया।

257 और तब आपके पास उस छोटी सी आग का उत्तर देने के लिए कोई तो था, जो कि मिकायाह था, जो परमेश्वर का सच्चा भविष्यवक्ता था। हालाँकि

वह वहाँ फटे–पुराने कपड़े पहनकर वहां आया होगा, भले ही वह हो सकता है वहां आया होगा तिरस्कृत होकर, और वे सब उसकी ओर ऐसे देख रहे थे जैसे कि भेड़ियों का झुंड मेमने की ओर देख रहा हो। लेकिन उसने सच्चाई को बताया, भले ही उसके मुंह पर प्रहार होना था, भले ही उसे बन्दीगृह में डाला जाना था और रोटी और दु:ख का पानी खिलाया जाना था। लेकिन, फिर भी, उसके कहे हुए शब्द पूरे हो गए, क्योंकि आप उसके साथ थे।

258 परमेश्वर, आज प्रदान करें, और हम वहां इस बाईबल में देखते हैं। हम कलीसिया की पुस्तको को देखते है, दस आज्ञाये, और इत्यादि, कलीसियाओ के, रीति–रिवाज, और देखते हैं कि वे *इसे*, *उसे*, या *इत्यादि* को कैसे करते हैं। लेकिन आइए हम यहां इस सच्चे वचन में देखें, और देखें कि यह क्या कहता है: "पवित्रता के बिना, कोई भी मनुष्य प्रभु को नहीं देखेगा। शांति और पवित्रता का पीछा करें, जिसके बिना, कोई भी मनुष्य प्रभु को नहीं देखेगा। वह जो संसार से प्रेम करता है, या संसार की चीजों से, परमेश्वर का प्रेम उसमें नहीं है।"

259 "अंतिम दिनों में संकट का समय आयेगा। मनुष्य अपने खुद के चाहने वाले होंगे, घमण्डी, डींग मारनेवाला।" ओह, वे बड़ी–बड़ी चीजें, प्रभु, यह घटित हो रही है। "ढीठ, घमंडी, परमेश्वर से अधिक सुखविलास के चाहने वाले; लोगों को परमेश्वर की आज्ञाओं के बजाये मनुष्यो के—के उपदेशों को सिखाते है; भक्ति का भेष तो धरते है, और पवित्र आत्मा की सामर्थ का इन्कार करते है" कि मनुष्य आत्मा से भरने को लगाये, कि उसे आनंदित करे, जिससे कि उसकी आंखों से आंसू बहने लगे, कि उसे बाहर जाकर और बीमारों के लिए प्रार्थना करने को लगाये, जिससे कि उसे अन्य भाषा में बोलने और अनुवाद करने को लगाये, जिससे कि उससे भविष्यवाणी करने को लगाये। परमेश्वर का आत्मा, जीवित परमेश्वर का, उन्होंने बस इसे किसी लॉज में ले लिया है या ऐसा ही कुछ, "भक्ति का भेष तो धरते है, और उसकी सामर्थ का इन्कार करते है।"

260 हे परमेश्वर, होने पाए यह थोड़े से श्रोतागण, इस दिन पर, ठीक अभी, जल्दी से जाग जाये, इससे पहले कि अंत का समय आ जाए, और हमें इस अवस्था में पाये। होने पाए हम अपने आप को फिर से नया करें, जैसा कि बाईबल ने कहा, "उठो और अपने आप को हिलाओ। और पुराने मार्ग के लिए मांगो, जो अच्छा मार्ग है, और जब तुम इसे पा लो, तो उस पर चलो।"

परमेश्वर, प्रदान करें कि हम पुराने ऊबड़–खाबड़ मार्ग को पा सकते हैं, जब हम फिर से एक साथ खड़े हो सके, जैसे सैकड़ों, और हमारे हाथों को एक साथ जोड़कर और गाये।

मैं प्रभु के कुछ ठुकराए हुओं के साथ मार्ग को लूंगा।
मैंने यीशु के साथ आरंभ किया है और मैं इसमें से होकर जा रहा हूं।

परमेश्वर, इसे जीने के लिए हमारी सहायता करें और ऐसा होने के लिए।

261 इन सभी प्रिय माताओं को आशीषित करें, जो यहां बैठी हुई है, प्रभु; यह जानते हुए कि वे स्वयं माताएं हैं, उनके कोट पर सफेद गुलाब लगे हुए हैं, आज सुबह, एक प्रिय बूढ़ी मां के यादगार के रूप में जो पार होकर दृश्य के परे जा चुकी है। हे जीवन के स्वामी, उन्हें आशीष दे, प्रभु। और होने पाए वे भी आशीषित हो, और होने पाए उनके बच्चों की यादें वैसी ही रहे जैसी उनकी मां के साथ है, यदि वह पर्दे के पार चली गई है, एक महिमामय स्वर्ग में। इसे प्रदान करें, प्रभु।

262 और किसी सुबह जब हमारी नसों से जीवन रुक रहा हो, और हमारी सांसें हम तक आने में असफल हो रही हों, पर्दा फिर खुल जाएगा; वह नीचे आएगी, हो सकता है, यरदन के छोर पर, ताकि वहां पर हमारी सहायता करे। ओह, उस महिमामय दिन के लिए जब हम अपने पैरों को उस ओर कदम रखते हैं, जहां वहां ना ही... वातावरण सिगरेट के धुएं से दूषित नहीं होगा। सड़क पर कभी भी शराबी नहीं पड़ा होगा। वहां कोई वेश्या कभी भी नहीं होगी। वहां कभी भी पाप नहीं होगा। ऐसा कुछ भी कभी नहीं होगा। लेकिन, महिमा में हमेशा के लिए, हम अपने प्रभु यीशु मसीह के साथ और हमारे बच्चों के साथ शांति के साथ रहेंगे। और, ओह, क्या ही अद्भुत दिन है।

263 हे पिता, जबकि बड़ा अंधकार जारी है, लड़ाई, और शैतान देशों पर आक्रमण कर रहा है, और पुलपीटों पर आक्रमण कर रहा है, कलीसियाओ पर आक्रमण कर रहा है, लोगों पर आक्रमण कर रहा है, व्यापार पर आक्रमण कर रहा है, शहरों पर आक्रमण कर रहा है, और विद्यालयों और घरों पर आक्रमण कर रहा है; हे परमेश्वर, खड़े होने में हमारी सहायता करें, तलवार को जल्दी से खींचे और परमेश्वर के लिए लड़े, जैसे मूसा और—और

लेवियों ने वहां पर किया जब पाप छावनी में था। हमारी सहायता करें, प्रभु।

264 अब हमें क्षमा करें, और हमें आशीषित करें। और हमें नम्र बनाये रखे, प्रभु, हमें तोड़ दे। हे परमेश्वर, आपने कहा, "वह जो आगे जाकर, आंसुओं में बोता है, निश्चय ही फिर से वापस लौटेगा, आनंद करते हुए, अपने साथ पूले को लेकर आएगा।" हे परमेश्वर, हमारे टुकड़े–टुकड़े करे। हमें नए सिरे से ढाले, प्रभु। हम मार्ग से बहुत अधिक हट गये हैं।

265 मैं स्वयं, प्रभु, मैं एक ऐसे स्थान पर जा रहा हूं जहां मैं सोच रहा हूं कि कितने लोग मेरी सभा में उपस्थित होंगे। हे परमेश्वर, मैं चाहता हूं कि आप उपस्थित हो। आ, प्रभु! हे मसीह, प्रभु आ! मुझे तोड़ कर; मुझे ढाल। हे प्रभु, मुझे कभी भी उन बातों को अपने मन में नहीं आने देना। परमेश्वर, उन्हें मुझ से दूर रखे।

266 मेरी प्रचार करने के लिए सहायता करें, प्रभु, जैसा कि मैंने कहा, कुछ समय पहले, जैसे एक मरते हुए मनुष्य मरते हुए मनुष्य के लिए करता है, यह जानते हुए कि हम सभी को अनंतता का सामना करना ही है। हमें आपके सामने खड़ा होना है; जब आप अपने प्रसन्नचित्त आचरण से नहीं होते हैं, जब आप दया के साथ नहीं होते हैं, जब आप बिना दया के खड़े होते हैं; जब आप क्रोध में खड़े होते हैं, कि राष्ट्रों पर न्याय को लाये और वे लोग जिन्होंने ठुकराया और आपके बालक के प्रेम को ठुकरा दिया।

267 परमेश्वर, आज उसके साथ मुझ पर दया करें, कि उस दिन पर मैं निश्चित रूप से खड़ा रह सकूं। हो सकता है अभी रोना पड़े, लेकिन आप आंसू को मिटा देंगे, आनंद के लिए, उस समय पर, जब आप कहते हैं, "प्रभु के आनंद में प्रवेश करो, जो तुम्हारे लिए जगत की बुनियाद डालने से लेकर तैयार किया गया है।" परमेश्वर, अब हमारे साथ हो, और हमारी सहायता करे, हम यीशु के नाम में प्रार्थना करते हैं। आमीन।

54-0509 संयुक्त राज्य अमेरिका का आक्रमण
ब्रंहम टेबरनेकल
जेफ्फ़रसनविल, इंडिआना यू.एस.ए

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org